त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चन्द्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२९६००० वर्ष की थी, इसमें भगवान् के श्रीवामन, श्रीपरशुराम और श्रीरामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामनजी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्रीपरशुरामजी ने कर्तव्य विमुख एवं अन्यायी विलासिता के प्रेम में प्रमत्त अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मणराज्य स्थापित किया था। श्रीरामचन्द्रजी ने महा-अभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में धर्म तीन पैर का रह गया था। गौवें त्रिकाल दूध देनेवाली होती थीं, प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था, वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्न्यून तपोनिष्ठ परस्त्री-परद्रव्य से पराङ्मुख होते थे, वर शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां चित्रिणी पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रियोंका राज्य था। विचित्र विमानों द्वारा वह इन्द्रलोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला में तोलते थे। शूद्र स्वधर्मानुसार सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीयप्रहर धनिष्ठा नक्षत्र वरीयान् योग में द्वापरयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु ८६४००० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्रीबलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्णने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया, तथा संसारार्णवमग्न जीवों के उद्धारार्थ अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्रीबलदेवजी ने सामयिक लीला करते हुए दुष्टों का नाश करके धर्मका उद्धार किया। इस युग में धर्म दो पैर वाला रह गया था, गौवें दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देनेवाली होती थीं। प्रायः ताम्र पित्तल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी, एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मण लोग दो वेदों के पारंगत होते थे और कुछ असत्य विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप यज्ञ देव-पूजनादि करनेवाले किञ्चित लोभयुक्त वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्मप्राण चन्द्रवंशी राजा हुए। प्रायः चारों वर्ण अपने अपने वर्णाश्रम धर्म पर कायम थे, परस्त्री-परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। कलियुग—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान् के अवतार श्री[illegible] और श्री

कल्कि (निष्कलंक) हैं जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बु[illegible] ... द्विगुणो लाभः, भाद्रपदेऽष्टमीतिथ्यभे:, आश्विने वर्षा, अत्र ... न रोगा बहुला, गोधना महर्घाः, सर्वधान्यं समर्घम्, रसाः,

कल्कि (निष्कलंक) हैं जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका, और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहेंगे तब शंभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ न्यायपरायण क्षत्रियराज्य भी कायम होगा। इस युग में एक पैरवाला धर्म रह जायगा। गौएँ दूध कम देंगी मृण्मय पात्र और ताम्रपात्र तथा कागज मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का सञ्चार होगा। ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से शून्य तथा स्नान सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलाञ्जलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेषरूप से उपयोग में लाने लगेंगे शास्त्र निन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से भी लाभ उठायेंगे, शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्णवालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायगा, धूर्तों की पूजा होगी, अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां ज्यादा हस्तिनी पैदा होंगी, व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या-विक्रय करेंगे। गौ ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता पिता के साथ द्रव्य के कारण प्रेम रहेगा। राज्यव्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। इस युग में प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाचवदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामकरे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति ॥ **अथ कलिमाहात्म्यम्**—धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरं गतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योज्झितम्। राजानोऽर्थपरा न रक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे॥ निर्बीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः, भूपाला निजधर्मकर्मरहिता विप्राः कुमार्गं गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी पररता पुत्राः पितुर्द्वेषिणो, हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः॥ न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापसजनाः, जनो मिथ्यावादी विरलतरवृष्टिर्जलधरः। प्रसंगो नीचानामवनिपतयो दुष्टमतयो, जनाः शिष्टा नष्टा अहह! कलिकालो विलसति॥ कलौ गंगायाः स्थितिः। पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कलौ। तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगव॥ **भगीरथं प्रति गंगावाक्यञ्च**—यावद्धरण्यां तुलसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रं वड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रखाते॥ इति॥ कलौ दश सहस्राणीति वाक्यमन्तिमकलौ, ज्ञेयम्, नान्येषु कलिष्विति॥

अथ वर्षराजादि फल विचार २०१२

अथ श्रीमन्नृपतिधर्ममूर्ति-विक्रमादित्यानां राज्यसिंहासनाध्यासनादतीताब्दानि तत्संवताभिधः २०१२ श्रीमन्नृपतिचक्रचूड़ामणि—शकजातियवननिर्बीजक-शालिवाहनराज्याद् गतहायनानि सन् शकाभिधः १८७७ श्रीकृष्णजन्म सं० ५१९१ श्री महावीरनिर्वाण (जैन) संवत्सरः २४८१—८२ ईस्वीसन् १९५५—५६ हिजरी सन् १३७४—७५ फसली सन् १९६० वर्षादौ गुरुमानेन प्रभवादि षष्टयब्दानां मध्ये रुद्रविंशत्यां कीलक नाम संवत्सरस्तस्य-फलम्—कीलाब्दे स्वीतिभीतिश्च प्रजाक्षोभनृपाह्वयौ। तथापि वर्धते लोकः समधान्यार्घवृष्टिभिः॥ कीलकवर्ष में ईति भीति हो, पृथ्वी में राजाओं के संग्राम से क्षोभ हो, तो भी अच्छी वर्षा होने से धान्य सस्ता हो और लोग बढ़ें॥ जैनाचार्यों ने इसका विशेष फल कहा है, तद्यथा—कीलके वत्सरे विष्णुः स्वामी, वर्षा मध्यमा, चैत्रे धान्यं महर्घम्, वैशाखे रोगः, मधवे दुर्भिक्षम्, पश्चिमायां गजर्घता, ज्येष्ठे धान्यसंग्रहः, आषाढे श्रावणेऽल्पमेघः, अन्न महर्घम्, धान्ये द्विगुणो लाभः, भाद्रपदेऽष्टमीतिथौमेघः, आश्विने वर्षा, अन्न महर्घम्, राजधानीनगरे उद्ध्वंसः, न रोगा बहुला, गोधूमा महर्घाः, सर्वधान्यं समर्घम्, रसाः समर्घाः, कार्तिकादिमासत्रये समर्घता, माघमासेऽन्नमहर्घता, रोगपीड़ा महती, फाल्गुनमध्ये राजा राज्यमुख्यः, प्रजासुखं, अथात्र वर्षे राजा शुक्रः, मन्त्री बुधः, सस्येशः शनिः। धान्येशः शुक्रः। मेघेशो बुधः। रसेशश्चन्द्रः। नीरसेशः शनिः। फलेशो भौमः। धनेशः शनिः। दुर्गेशो बुधः।

राजा शुक्रस्तस्य फलम्—शुक्रस्य राज्ये बहुसस्यसंकुला सुतीव्रवेगाः सरितोऽम्बुराशिभिः। फलन्ति वृक्षा बहुगोप्रसूतिर्वसुन्धरा पार्थिवसौख्यसंयुता॥ इस वर्ष का राजा शुक्र होने के कारण खेतियां बहुत उत्पन्न हों, नदियां बड़े वेग से बहेंगी। वृक्षों में फल बहुत लगेंगे। गायें अधिक ब्यावें, और पृथ्वी पार्थिव सुख से युक्त हो। **मन्त्री बुधस्तस्य फलम्**—शशिसुते शुभमन्त्रिसमागते स्वपतिना रमते मदनक्रियाम् ॥ बहुधनं बहुवादिसमन्वितं यवमसूरचणान्नमहर्घताम्। इस वर्ष मन्त्री बुध है, अतः स्त्रियां अपने पतियों के साथ आनन्द में रत हों। बहुत धन हो और जौ तथा मसूर, चनें, इन की मंहगाई हो। **सस्येशः शनिस्तस्य फलम्**—रविसुते यदि धान्यपतौ जना नृपतिभिः परिपीड़ितविग्रहाः। गदभयंतुषधान्यहरं सदा दुरितवादविवादयुता नराः॥ इस वर्ष सस्येश शनि होने के कारण लोग राजभय से पीड़ित रहें, तथा रोगभय भी हो। जौ, गेहूँ, आदि की खेतियां खराब हों और मनुष्य खोटे वादविवाद में लगे रहें। **धान्येशः शुक्रस्तस्य फलम्**—भृगौ पश्चिमधान्येशे पश्चाद्धान्यं न पच्यते। सस्यं समर्घतां याति स्वल्पं क्षीरं गवामपि॥ इस वर्ष धान्येश शुक्र होने के कारण पश्चात् धान्य (जाड़े की खेतियां) नहीं पकें। अन्न सस्ता हो और गायों में दूध कम हो। **मेघेशो बुधस्तस्य फलम्**—अमृतरश्मिसुते यदि वारिपे बहुजलं तृणधान्यजलादिकम्। द्विजवरा यजनोत्सुकचेतसो विविधसौख्ययुता धरणी धरा॥ इस वर्ष में मेघेश बुध होने के कारण जल बहुत बर्षे। जौ, गेहूँ की खेती अच्छी हो। ब्राह्मण लोग यज्ञ करने में उत्सुक हों और पृथ्वी विविध सौख्यसंपन्न हो। **रसेशश्चन्द्रस्तस्य फलम्**—यदि विधौ रसपे भुवि मानवो नवनवां युवतीं बुभुजे प्रियाम्। जलधरा बहुवारिधिधायका रसवती धनधान्यवती मही॥ इस वर्ष रसेश चन्द्रमा होने के कारण मनुष्य अपनी सुन्दर स्त्रियों के साथ सुखलाभ करें। बादलों से बहुत पानी वर्षे और पृथ्वी रसवती तथा धनधान्यवती हो। **नीरसेशः शनिस्तस्य फलम्**—अयःपिण्डादिलोहानां कृष्णवस्त्रादिवस्तुनाम्। अर्घवृद्धिः प्रजायेत मन्दे नीरसनायके॥ इस वर्ष नीरसेश शनि होने के कारण पिण्डाकार लोहादि तथा काले वस्त्रादि की कीमत बढ़े। **फलेशो भौमस्तस्य फलम्**—फलपतिर्यदि भूतनयो भवेत्, न बहु पुष्पफलान्वितपादपाः। गदभयान्वितदेशजनास्तदा नृपतयो बहुविग्रहकारकाः॥ इस वर्ष फलेश भौम होने के कारण वृक्षों में फल फूल कम लगें। मनुष्यों में रोग भय हो तथा राजाओं में विग्रह हो। **धनेशः शनिस्तस्य फलम्**—द्रविणपे रविजे विरलंधनं गदरता धरणीपतयस्तदा। अधनता वणिजः कृषिजीविनो द्विजवराः परपीड़ितमानसाः॥ इस वर्ष धनेश शनि होने के कारण लोगों के पास धन नहीं रहे। राजा लोग रोगी रहें। वाणिज्य करने वाले तथा खेती करने वाले निर्धन हों और ब्राह्मण लोग पराई पीड़ा से दुःखी रहें। **दुर्गेशो बुधस्तस्य फलम्**—विषमसाम्यसुखं शशिजे प्रभौ भवति राष्ट्रजनेषु विशेषताम्। शशिसुते यदि कोटकपालके पथिषु द्रव्यवतां न भयं क्वचित्॥ इस वर्ष दुर्गेश बुध होने के कारण शहरी लोगों को सम विषम सुख मिले और धनवानों को रास्ते में भी कुछ भय नहीं हो।

नव मेघों में पुष्कर नाम मेघ का फल—वृष्टि अच्छी हो दक्षिण में अकालभय। **द्वादश नागों में केवल नाम नाग का फल**—प्रजा में रोग वृद्धि खण्डवृष्टि हो। **सप्त पवनों में से प्रवह नामक पवन का फल**—वायु का संचार सुखप्रद हो। वर्षा ऋतु में वायु के कारण

मेघ छिन्न-भिन्न होते रहें। शनि की दृष्टि पश्चिम में है फल—पश्चिमीय प्रदेशों में भय। इस वर्ष भारत में तीन ग्रहण दिखाई देंगे। जिन में पहला सूर्यग्रहण आषाढ़कृष्ण ३० को और दूसरा खण्ड ग्रास चन्द्रग्रहण कार्तिक शुक्ल १५ को तीसरा खण्डग्रास सूर्यग्रहण मार्गकृष्ण ३० को होगा। इस वर्ष सोमवती ३० तीन हैं आषाढ़ में, कार्तिक में, फाल्गुन में, बुधाष्टमी २ हैं, श्रावण कृष्ण और श्रावण शुक्ल में।

अथ वर्षाङ्गोनां विश्वामानम्—वर्षा विश्वे ११, धान्य १३, तृण ११, शीत ५, तेज ५, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ११, तृषा ११, निद्रा १३, आलस्य ९, उद्यम १३, शान्ति ११, क्रोध ११, दम्भ ११, पाखण्ड ९, लोभ ७, मैथुन ९, रसनिष्पत्ति ११, फलनिष्पत्ति ११, उत्साह ३, उग्रता ९, पाप १३, पुण्य ७, व्याधि १३, व्याधिनाश १, आचार ९, अनाचार ७, मृत्यु १५, जन्म १, देशोपद्रव १, देशस्वास्थ्य १, चौरभय ३, चौरनाश ९, अग्नि ३, अग्निशान्ति ३, टिड्डी १९, तोता १७, मूषक ३, सुवर्ण ३, ताम्र १३, स्वचक्र १३, परचक्र ३, अतिवृष्टि ११, अनावृष्टि ११, उद्भिज्ज (वृक्षलता क्षुप आदि) १३, जरायुज (मनुष्य एवं गौ आदि पशु) ३, अण्डज (पक्षी तथा सर्प आदि) ७, स्वेदज (पसीने से उत्पन्न जूं आदि) ११, संव्वत् विश्वा ५, **वर्षस्तम्भचतुष्टय विचारः**—इस वर्ष जल का स्तम्भ रुपये में ६ आने हैं। फल—वर्षा की कमी से कृषक चिन्तित रहें। तृण का स्तम्भ लगभग ८ आने हैं। फल—तृण की उत्पत्ति मध्यम हो। वायु और अन्न के स्तम्भ का अभाव है। फल—गर्मी विशेष पड़े, ठंडी सुखद वायु कम चले, देवमातृक देशों में अन्न की उत्पत्ति अत्यन्त कम हो। नहर वाले देशों में भी अन्न का झाड़ अनु-मान से कम उतरे।

आर्षमान (वर्ष रक्षा के ४ किले) पहिला आर्ष गतवर्ष पौष की अमावस मूल का लगभग १४ विश्वे हैं। दूसरा आर्ष अक्षय तृतीया रोहिणी का १० विश्वे हैं। तीसरा आर्ष पूर्णमासी को श्रवण का ११ विश्वे हैं। चौथा आर्ष कार्तिक शुक्ल १५ को कृत्तिका का १४ विश्वे के आसन्न हैं। अतः आर्षमान विचार से यह वर्ष प्रजा के लिये मध्यम ही प्रमाणित होगा।

अखैतीज रोहिणी नहीं होई। पौष अमावस मूल न जोई॥ राखीश्रवणों हीन विचारौ। कातिक पून्यों कृत्तिका टारो॥ मही मांह खलबली प्रकाशै। कहे भड्डली साख विनाशै॥

अथ नव वर्षप्रवेशः—गत सं० २०११ वि. चैत्र कृ. ३० गुरुवार को इष्टघट्यादि ७।८ वृष लग्न के ६ अंश पर नव वर्षप्रवेश होगा। दक्षिण पश्चिम में अकाल, पूर्व में राजविग्रह, उत्तर में अन्नादिक की उत्पत्ति आधी रहे। **वर्षेश लग्नम्**—सं० २०१२ वि. वै.कृ. ६ बुधवार को इष्टघटयादि ५१।१६ मकर लग्न के १७ अंश पर श्रीसूर्यनारायण मेषादि राशि में प्रवेश करेंगे। यहां लग्न को अपूर्ण दृष्टि से शुभाशुभ ग्रह देख रहे हैं। और लग्नेश उच्चराशि का होकर लग्न में पड़ा है अतः यह वर्ष प्रजा को आर्थिक संकट बेकारी से कष्ट देगा। नीच जातिवालों के लिए उन्नतिप्रद रहेगा। इस वर्ष का पांचवां दसवां बारहवां मास प्रजा को चिन्ता भय के देने वाला है। **सूर्य का आर्द्राप्रवेश कालिकफलविचार**—संवत् २०१२ वि. आषाढ़ शु. ३ बुधवार को इष्टघटयादि १५।५२ पर सिंह लग्न के २८ अंश पर श्रीसूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। तात्कालिक ति. ३ का फल—फसल को टिड्डी आदि का भय हो। वार बुध का फल—उच्च जातियों का कल्याण हो। नक्षत्र पुष्य का फल—जल बहुत वर्षे, पृथ्वी सब धान्यों से संयुक्त रहे। योग व्याघात का फल—दुर्भिक्ष, कहीं अकाल से मनुष्यों की हानि पहुंचे। समय द्वितीय पहर का फल—खेती को हानि पहुंचे, घास कम हो। विशेष फल—आर्द्राप्रवेश कुण्डली में यदि चन्द्रमा केन्द्र त्रिकोण में जलचर राशि का हो और शुभग्रह उसे देखते हों तो उस वर्ष उत्तम वर्षा होकर पृथ्वी अन्न पदार्थ से परिपूर्ण हो। इस वर्ष चन्द्रमा जलचर राशि कर्क में तो है, परन्तु वह व्यय स्थान में गया है और शनैश्चर उनको दृष्ट है, खेती-बाड़ी उत्पादन के स्थान चतुर्थ को बुध

[illegible] ज्वर तथा रक्त विकारादि रोग नहीं होते, इसी दिन ब्रह्माजी ने प्रथम जगत् को रचा है, इस दिन ब्रह्माजी का पूजन एवं वर्षेशादिकों का फल श्रवण करना चाहिए, और सर्व प्रकार से शक्ति सम्पन्न होने के लिए [illegible]

शुक्र देख रहे हैं, लग्नेश चतुर्थेश का सम्बन्ध एकादश स्थान में है, इत्यादि योगों पर सूक्ष्मदृष्टया विचारकरने से ज्ञात होता है। इस वर्ष अनियमित असामयिक वृष्टि के कारण बहुत जगह अन्नो-त्पत्ति में बाधा होगी।

अथ लाभव्ययचक्रम्

राशयः	मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
लाभ	२	११	१४	८	११	१४	११	२	५	८	८	५
व्यय	८	१४	११	११	५	११	१४	८	१४	८	८	१४

लाभव्यय देखने की रीति—लाभ और व्यय के अंकों को जोड़कर एक घटावें, और ८ का भाग दें शेष १।२।६।७ बचे तो उस वर्ष में लाभ उत्तम होवे, और शेष ३।४।५।० बचे तो लाभ बहुत कम होवे, और चिन्ता भी रहे।

वर्षलग्नम्

वर्षेश (जगल्लग्नम्)

आर्द्रा प्रवेशलग्नम्

जन्मलग्न जन्मराशि और वर्षलग्न से यदि वर्षेश (जगल्लग्न) ८ वां १२ वां हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होता।

सूचना—राजा का फल काश्मीर व अफगानिस्तान में विशेष होगा, मन्त्री का बाल्हीक और मालवे में सस्येश का पौण्ड्र विदर्भ में, धान्येश का नर्मदा किनारे तथा मध्यदेश में, मेघेश का मगध देश में, रसेश का कोङ्कण मगध में, नीरसेश का मालवा देश में, फलेश धनेश और दुर्गेश का फल सब जगह विशेष होता है।

अथ व्रतोत्सवपरिचय

पञ्चाङ्गों में प्रायः सर्वत्र व्रतोत्सव पर्वों का उल्लेख रहता है, इनकी सृष्टि मनो-विनोद ही के लिए नहीं हुई है, किन्तु यह सत्कर्म के प्रवर्तक तथा जातीय इतिहास के अटल स्मारक हैं। परन्तु खेद इस बात का है कि जनता में आमोद-प्रमोद वर्धन होने पर भी अब भक्ति उत्साह कम होने लगा है।

चैत्रशुक्ल प्रतिपदा—चैत्र शु० १ को प्रातः बिस्तर से उठते समय जिसका चन्द्र (बायां) स्वर चलता हो उसे उस वर्ष में लाभ और आरोग्यादि सुख मिलते हैं। यदि सूर्य (दाहिना) स्वर चलता हो तो अशुभ अथवा साधारण वर्ष निकलता है। यदि स्वर ठीक न हो तो दाहिनी करवट लेटे रहें जब चन्द्र चलने लगे तब ईश्वरस्मरण पूर्वक उठ बैठना चाहिये, जिससे अशुभ फल कम हो। आज घर को सब प्रकार से सुसज्जित करके दरवाजों पर ध्वजा तोरणादि लगाने चाहिये, नया वर्ष सुख से व्यतीत हो इस कारण आज अवश्य ही आनन्द मनाने [illegible] हिए, कालीमिर्च, हींग, लवण, जीरे को अजमोद [illegible]

[illegible] पूर्णिमा—इस दिन दूध क्षीरादि श्वेत पदार्थ और श्वेत वस्त्र भ[illegible]न को चांदनी में अर्पण कर, लक्ष्मी तथा इन्द्र के पूजनोपरान्त जागरण भी करना चाहिए। करक (करवा) [illegible] सौभाग्य प्राप्त्यर्थ इस व्रत को अवश्य करना चाहिए, खेद है कि

...ज्वर तथा रक्त विकारादि रोग नहीं होते, इसी दिन ब्रह्माजी ने प्रथम जगत् को रचा है, इस दिन ब्रह्माजी का पूजन एवं वर्षेशादिकों का फल श्रवण करना चाहिए, और सर्व प्रकार से शक्ति सम्पन्न होने के लिए कलशस्थापनपूर्वक प्रतिपदा से नवमी पर्यन्त श्री दुर्गाका पूजन पाठ तथा हवन करना या कराना चाहिए।

गणगौरीव्रत—चैत्र शु० ३ के दिन सौभाग्यवती स्त्रियों को श्रीमहादेव गौरी का कुंकुम अगर वस्त्रालङ्कारादि से यथाशक्ति पूजनपूर्वक रात्रि में जागरण करना चाहिए। दूसरे दिन प्रातः दक्षिणा देने से सौभाग्य और वंश वृद्धि होती है।

श्रीरामनवमी—इस दिन धर्म की मर्यादा सुदृढ़ करने के लिए भगवान श्रीरामचन्द्रजी का अवतार हुआ था, अतः इस जयन्ती को व्रत पूजन जागरणोत्सव करने का विशेष माहात्म्य है।

श्रीपरशुराम जयन्ती—वैशाख शु० ३ को कर्तव्यविमुख एवं विलासिता के मद में प्रमत्त क्षत्रियों के अभिमान को दूर करने के लिए भगवान श्री परशुरामजी ने अवतार लिया था, इस दिन भगवान परशुराम का पूजन तथा उत्सव मनाने का विशेष माहात्म्य है। (श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य्यप्रणीतश्रीपरशुराम स्तोत्र पढ़ना चाहिये)।

गंगासप्तमी—आज पतितपावनी भगवती भागीरथी के स्नान पूजन का बड़ा पुण्य है॥

नृसिंहचतुर्दशी—"भक्ति चाहिए परमात्मा कहां नहीं है" इस सिद्धान्त को पुष्ट करने के लिये भगवान् नृसिंहजी ने इस दिन सायङ्काल के समय प्रकट होकर हिरण्यकशिपु का वध कर भक्त प्रह्लाद को अभय किया, अतः इस दिन व्रत पूजन का विशेष पुण्य है।

गंगादशहरा—इस दिन गंगादि यथा लब्ध नदियों में स्नानपूर्वक कुशसहित तिलोदक देने से मनुष्य दश पापों से निवृत्त होकर विष्णु लोक को जाता है॥

गुरुपूर्णिमा—त्रिताप से बचाकर जीव को कल्याण की ओर अग्रसर करनेवाले श्री गुरुदेव की पूजा तथा भेंट आज अवश्य करनी चाहिए॥

नागपंचमी—"समः शत्रौ च मित्रे च" का सिद्धान्त पुष्ट करने को तथा भगवान की विभूति पूजनार्थ पांच फण वाले विभूतिमान नागदेव के पूजन का विधान है, विभूति पूजा का अभिप्राय उसके शरीर की पूजा नहीं, किन्तु शरीर के द्वारा परमात्मा के अंश का जितना विकास हुआ है उसकी पूजा है॥ **उपाकर्म श्रावणी**—विशेषकर ब्राह्मणों एवं अव्रात्य यज्ञोपवीत धारी क्षत्रिय वैश्यों को श्रावणी अवश्य ही करनी चाहिए, इसके करने से कर्ता तेजस्वी और पाप रहित होता है, यह ब्राह्मण जाति का मुख्य त्यौहार है, शोक है कि हमारे देश में बहुत से ब्राह्मण भाई भी इस काम से दूर भागते हैं।

जन्माष्टमी—भारत के विधाता तथा भारत के अन्तिमपथप्रदर्शक भगवान श्रीकृष्णचन्द्र का जन्म अर्ध रात्रि के समय व्रज में हुआ था, शास्त्रों में आज के व्रत पूजन एवं जागरणोत्सव का विशेष माहात्म्य लिखा है। **अनन्त चतुर्दशी**—विष्णुप्रीत्यर्थं भगवान अनन्त का धारण और षोडशोपचार से पूजन तथा कथा श्रवण करना चाहिये।

विजयादशमी—यह क्षत्रियप्रधान त्यौहार है, विजय कामना से भगवती अपराजिता का पूजन करके विजयादशमी में राजाओं को युद्धोपयोगी शस्त्र अश्वादि पूजन पूर्वक सायंकाल में मार्गपाली बांधकर विजय का शकुन मनाना चाहिए, भगवान श्री रामचन्द्रजी ने भी अपनी वानरी सेना को साथ लेकर इसी दिन प्रस्थान कर रावण के दश सिर हरण करने के लिये लंका पर चढ़ाई की थी, इसी कारण से इस दिनका नाम दशहरा पड़ा।

शरद पूर्णिमा—इस दिन दूध क्षीरादि श्वेत पदार्थ और श्वेत वस्त्र भगवान को चांदनी में अर्पण कर, लक्ष्मी तथा इन्द्र के पूजनोपरान्त जागरण भी करना चाहिए। **करक (करवा) चतुर्थी**—स्त्रियों को स्थिर सौभाग्य प्राप्त्यर्थ इस व्रत को अवश्य करना चाहिए, खेद है कि इस व्रत के विषय में वामन पुराण की शास्त्रीय कथा के स्थान में कल्पित भूत की कथा प्रचलित हो रही है वह ठीक नहीं, इस व्रत में चंद्र, शिव, स्वामी कार्तिक, गणेश, गौरी का पूजन कुंकुमादि से करना लिखा है, तदनन्तर चन्द्रोदय के समय चंद्रार्घ्यं देकर व्रत का पालन करना चाहिए। यह व्रत स्त्रियोंको सच्ची अर्धाङ्गिनी बनाने का उपदेश देता है, और बतलाता है कि पति के हित में ही स्त्री का हित है, स्त्रियों को चाहिए कि लौकिक पारलौकिक कोई भी कर्म अपने उद्देश्य से न कर पति के उद्देश्य से ही करें, वैसे तो "तपःप्रधाना नार्यः" लिखा है, परन्तु सौभाग्यवती स्त्रियों को पति की आज्ञा बिना अन्य व्रत करने का विधान नहीं है (हां, आज्ञा लेकर कर सकती हैं) स्त्रियों को व्रतादिसाधनों में उतना ही लगना चाहिए जितने में उनके प्राण पति को कष्ट न हो, उक्तञ्च—पत्युराज्ञां बिना नारी उपोष्य व्रतचारिणी। आयुष्यं हरते भर्तुः सा नारी नरकं व्रजेत्॥

अहोई अष्टमी—पञ्जाब तथा बंगाल प्रान्त में इस दिन पुत्रों वाली माताएँ व्रत रख कर रात्रि को भगवती काली का पूजनार्चन करके बच्चों को पकवान भरे बर्तन दिया करती हैं।

दीपावली—यद्यपि यह वैश्य प्रधान त्यौहार है, तथापि सब वर्णों की श्री लक्ष्मीजी का पूजनार्चन दारिद्र्य निवृत्त्यर्थं प्रदोष काल में करना चाहिये। राजा बलि के जेलखाने में समस्त देवी देवताओं के साथ लक्ष्मी भी कैद थी, उनको भगवान विष्णु ने आज के दिन ही छुड़ाया था।

अन्नकूट—आज नाना प्रकार के पदार्थ बनाकर भगवान को भोग लगाने का और गौओं की सेवा का विशेष माहात्म्य है॥ **गोपाष्टमी**—आज सायंकाल गौओं को पुष्पमालाओं से अलंकृत करके मिष्टान्न देकर उत्सव मनाना चाहिए।

भीष्म पंचक—महाभारत के अन्त में शरशय्या पर लेटे हुए भीष्मपितामह ने महाराजा युधिष्ठिर को सम्बोधन कर राजधर्म १, मोक्षधर्म २, नारीधर्म ३, पुरुषधर्म ४, और वर्ण धर्म ५, आदि पर अनेक अमूल्य उपदेश किये थे, जिनकी प्रशंसा भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं की है, जो सम्पूर्ण कार्तिक स्नान न कर सके वह भीष्मपंचक में स्नान व्रत दान से अतुल पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

संकटचतुर्थी—इस दिन भगवान गणेश का व्रत रखकर चन्द्रोदय समय यथालब्धोपचार भगवान गणपति का पूजन करे और तिलमोदक भुग्गों का नैवेद्य लगाकर व्रतपारण करे तो सर्व संकट दूर हों, इस दिन कथा श्रवण का विशेष माहात्म्य है॥

वसन्तपंचमी—यह कान्ति एवं पुरुषार्थप्रद ऋतुराज का प्रारम्भिक उत्सव है, अपने इष्टदेव को गुलाल आदि समर्पण कर उत्सव मनाना चाहिये।

श्रीमहाशिवरात्रि—इसी दिन प्रदोष वा अर्द्धरात्रि के समय भगवान शङ्कर के पूजन का विशेष माहात्म्य है, व्रत रख कर रात्रि को जागरण करने से शिवलोक की प्राप्ति होती है। **सूचना**—यद्यपि अधिकांश हमारे धार्मिक व्रत ऐसे हैं कि जिनमें निर्जल रहने का विधान है जैसे रामनवमी, जन्माष्टमी, शिवरात्रि आदि, परन्तु यह विधान अशक्त बाल-वृद्ध रोगी के लिए नहीं है।

ग्रहणनिर्णयः ।

ज्यौतिषे ग्रहणं सार गारुडे विषभक्षणम् । शैवे घटवती दीक्षा कौलके ग्रहनिग्रहौ ॥

संवत् २०१२ विक्रमी में इस भूमण्डल पर तीन ग्रहण होंगे । जिन में २ सूर्य के और १ चन्द्रमा का। जिसका संक्षेप में विवरण निम्नलिखित है ।

(१) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण**——आषाढ़ कृ. ३० चन्द्रवार (ता. २० जून सन् १९५५ ई.) को मृगशीर्ष नक्षत्र में होगा, जो सम्पूर्ण भारत में खण्डग्रास दीखेगा, और बर्मा, सिलोन, हिन्द-चीन में खग्रास (पूरा सर्वग्रास) दिखाई देगा। यह ग्रहण सोमवती को होने से स्नान दानादि द्वारा अनन्तपुण्यदायक है।

कुरुक्षेत्रे स्पर्शादिकालाः (प्रचलित घड़ी अनुसार)

काल	स्पर्श प्रातः	मध्य	मोक्ष	पर्वकाल
रेलवे घंटा	७	८	९	१
मिण्ट	३५	२०	१६	४१

कुरुक्षेत्रे ग्रहण मध्यकाले ग्रासस्वरूपम्

भारत व पाकिस्तान के कुछ मुख्य २ शहरों में इस ग्रहण का स्पर्शमोक्षकाल रेलवे टाईम

शहर नाम	स्पर्श प्रातः घं. मि.	मोक्ष घं. मि.	शहर नाम	स्पर्श प्रातः घं. मि.	मोक्ष घं. मि.
अमृतसर	७।४१	९।११	लाहौर	७।४१	९।१०
शिमला-(सोलन)-	७।३९	९।१५	श्रीनगर-(काश्मीर)	७।४८	९। ६
जयपुर	७।२८	९।१७	हरिद्वार	७।३५	९।२१
देहली	७।३३	९।२०	बनारस	७।२४	९।३५
पटियाला	७।३६	९।१६	मुंबई	७।१८	९।११
काठमांडू	७।३१	९।३७	कलकत्ता	७।२६	९।४९

इस ग्रहण का सूतक——यह ग्रहण आषाढ़ कृ. ३० सोमवार के प्रथम प्रहर में होने के कारण आषाढ़ कृ. १४ रविवार को सूर्यास्त में ही सूतक (वेध) का प्रारम्भ होगा। सूतक में अशक्त बालक वृद्ध रोगियों को छोड़कर भोजन का निषेध है।

ग्रहण का राशियों पर शुभाशुभ फल——यह आषाढ़ का सूर्यग्रहण मृगशिरनक्षत्र और मिथुन राशि में होगा। इसलिये मिथुन कर्क, वृश्चिक राशिवालों को और मृगशीर्ष नक्षत्रवालों को विशेष अशुभफलप्रद है। वृष सिंह तुला और मकर राशिवालों को मध्यम है। मेष कन्या धनु और कुम्भराशिवालों को शुभ है। अशुभफलवालों को दान जप करना चाहिये, इन्हें जहां तक हो सके ग्रहण न देखना ही अच्छा है।

ग्रहण का प्रभाव——ब्राह्मण क्षत्रियों को तथा यमुनातटवासियों को पीड़ा और शूद्रों को लाभादि शुभफल होवे। तिल तेल व मंजीठ लाख का भाव तेज हो।

ग्रहण का शुभाशुभफल ६ मास के अन्दर होता है।

(२) **खण्डग्रास चन्द्रग्रहण**——कार्तिक शु. १५ भौम वार (२९ नवंबर सन् १९५५ ई.) को यह ग्रहण होगा।

चन्द्रग्रहण का स्पर्शादि काल (प्रचलित घड़ी अनुसार)

काल	स्पर्श रात को	मध्य	मोक्ष रात	सर्वक्षं
रेलवे घं.	९	१०	११	१
मि.	४९	३०	११	२२

ग्रहणमध्यकाले ग्रासस्वरूपम्

इस ग्रहण का सूतक——समर्थधर्मप्राण पुरुषों को दिन के १२ बजकर ४९ मिनट से इस ग्रहण का सूतक मानना चाहिये।

ग्रहण का राशियों पर शुभाशुभ फल——यह चन्द्रग्रहण कर्क, सिंह, धनु, मीन राशिवालों को शुभफलप्रद है, और मेष, कन्या, वृश्चिक, मकर राशिवालों को तथा रोहिणी नक्षत्रवालों को चिन्ता कष्ट का देनेवाला अशुभ है।

ग्रहण का प्रभाव——यह ग्रहण स्वर्णकार, हलवाई, व्यापारी, कृषक और पर्वतवासियों को कष्टप्रद रहेगा। प्रजा में चौर अग्नि का उपद्रव तथा समुद्र में विग्रह हो।

(३) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण**——मार्गशीर्ष कृ. ३० बुधवार (ता० १४ दिसंबर सन् १९५५ ई.) को ज्येष्ठा नक्षत्र में होगा।

कुरुक्षेत्रे स्पर्शादि कालाः (प्रचलित घड़ी अनुसार)

काल	स्पर्श दिन	मध्य	मोक्ष दिन	सर्वक्षं
रेलवे घं.	११	१२	२	३
मि.	२२	३५	३२	२३

कुरुक्षेत्रे ग्रहणमध्यकाले ग्रासस्वरूपम्

भारत के मुख्य शहरों में इस सूर्यग्रहण का स्पर्शमोक्षकाल,

२॥ वर्ष की ढैया चांदी के पावे आवेगा, और मेषराशिवालों को भी २॥ वर्ष की ढैया लोहे के पावे आवेगा। इसी दिन तुला राशिवालों को पैरों पर उतरती, वृश्चिक राशिवालों को उदर पर बैठती तथा धनु राशिवालों को मस्तक पर चढ़ती साढ़ेसाती (वृहत्कल्याणी)

भारत के मुख्य शहरों में इस सूर्यग्रहण का स्पर्शमोक्षकाल,

प्रचलित घड़ी का टाईम

शहर नाम	स्पर्श दिन घं. मि.	मोक्ष दिन घं. मि.	शहर नाम	स्पर्श दिन घं. मि.	मोक्ष दिन घं. मि.
देहली	११—१९	२—२९	शिमला (सोलन)	११—२१	२—३१
अमृतसर	११—१०	२—१८	मुंबई	१०—३६	२—३८
हरिद्वार	१०—५९	२—२७	कलकत्ता	१०—५०	२—४०
पटियाला	११—२	२—२३	बनारस	११—३०	२—५४
श्रीनगर का.	११—२०	२—१३	जयपुर	१०—५९	२—३१
लाहौर	११—१२	२—१६	काठमंडू	१०—४७	२—३७

ग्रहण का सूतक—यह ग्रहण मार्गशीर्ष कृ. ३० बुधवार को मध्याह्न से पहिले होने के कारण मार्ग कृ. १४ भौमवार को रात को १० बजे से ही सूतक (वेध) का प्रारम्भ होगा।

ग्रहण का राशियों पर शुभाशुभ फल—यह ग्रहण मिथुन, कन्या, मकर, कुंभ, राशिवालों को शुभफलप्रद है। वृष, कर्क, तुला, मीन राशिवालों को मध्यम है। मेष, सिंह, वृश्चिक, धनु राशिवालों तथा ज्येष्ठा नक्षत्रवालों को शोक कष्ट देनेवाला अशुभ है।

ग्रहण का प्रभाव—यह ग्रहण मारवाड़ नेपाल और सरयू तीर वासियों को पीड़ाकारक है, और बाजरी, मोठ, चने, तांबा, वस्त्र संग्रह करनेवालों को २ मास बाद लाभ देता है।

दृश्यग्रहणे कृत्यम्—सूर्य या चन्द्रमा का कोई भी ग्रहण हो, स्पर्श होने पर स्नान करके जप करे। मध्य में समर्थ हो तो हवन अन्यथा जप ही करे। मध्य के बाद यथाशक्ति दान करे और मोक्ष के बाद पुनः शुद्ध स्नान करना चाहिये। ग्रहण में भोजन, शयन, मलमूत्र के त्याग का निषेध है। शास्त्रकारों ने ग्रहण में जप दान और हवन करने का फल अनन्त कहा है। सूर्यग्रहण में कुरुक्षेत्र का स्नान अक्षय पुण्य का लाभ देता है, कुरुक्षेत्र न मिले तो अन्य तीर्थ नदी तालाब आदि में स्नान करें।

ध्यान रहे कि चन्द्रग्रहण का समय तथा ग्रास सम्पूर्ण विश्वभर में एक ही होता है परन्तु सूर्यग्रहण का स्पर्श मोक्ष और ग्रास पृथक्-पृथक् स्थानों में पृथक् २ होता है।

सूर्यग्रहण कैसे देखना चाहिये? कांसी की थाली में जल डाल कर ग्रहण देखना चाहिये वा साफ शीशे में काजल लगाकर भी देखा जा सकता है। अन्यथा खुली आंख ग्रहण देखने से नेत्र खराब हो जाते हैं।

शनैश्चर की लघुकल्याणी बृहत्कल्याणी (ढैया साढेसाती) का विचार

जन्म का स्पष्ट चन्द्र जिस राशि के जितने अंश का होता है, उससे तीस ३० अंश पहिले शनैश्चर आने पर सूक्ष्मरीत्या साढेसाती व ढैया प्रारम्भ होती है। इतने ही अंश बाद में समाप्त होती है। केवल जन्मराशि से ढैया व साढेसाती का विचार स्थूलरूप से है।

सं० २०१२ में लघुकल्याणी (ढैया) व बृहत्कल्याणी (साढेसाती) का विचार नीचे दिया जाता है।

कार्तिक कृ. ११ तक कर्क मीन राशि वालों को और कन्या तुला वृश्चिक राशिवालों को बृहत्कल्याणी (साढेसाती) रहेगी। इसके बाद का. कृ. १२ शुक्रवार से सिंह राशिवालों को २॥ वर्ष की ढैया चांदी के पावे आवेगा, और मेषराशिवालों को भी २॥ वर्ष के ढैया लोहे के पावे आवेगा। इसी दिन तुला राशिवालों को पैरों पर उतरती, वृश्चिक राशिवालों को हृदय पर बैठती, तथा धनु राशिवालों को मस्तक पर चढ़ती साढेसाती (बृहत्कल्याणी) होगी, जो तुला राशिवालों को लोहे के, वृश्चिक राशिवालों को सुवर्ण के, धनु राशिवालों को तांबे के, पावे होगी।

जिन्हें शनैश्चर नेष्ट होवे, उन्हें शनैश्चर प्रीत्यर्थ तैल, सप्तधान्य का दान तथा महावीर जी पर शनिवार को तैल, सिन्दूर चढ़ावें तो शनिकृत पीड़ा दूर हो॥

आकाशी कौंसिल का विचार

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न

ता. १५ अगस्त भृगु १९४७ इष्ट ४५—२०

विमृश्य ग्रहसद्गति मुनिवचः सिद्धान्तयित्वा स्फुटम्।
शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरामालोच्य सत्संहिताः॥
राष्ट्रे राजसमाजधर्मविषये ह्युद्भाविनी या स्थितिः।
सा शम्भोः कृपया यथामति मया प्रागेव निर्णीयते॥

स्वतन्त्र भारत के जन्म की चलित कुण्डली

ग्रहभाव स्पष्टानुसार यहां सू. शु. श. गु. चल गये हैं।

भारतीय प्रान्तों के शुभाशुभज्ञानार्थ कूर्म चक्र

रे. अश्वि. भ. इन्द्रप्रस्थ हरिद्वार कुरुक्षेत्र	आर्द्रा. पुन. पुष्य पंजाब, गौड़, मगध, हस्तीनद	श्ले. म. पूफा. अंग, वंग, कलिंग, कौशल, बिहार, आसाम
श. पूभा. उभा. नेपाल, काश्मीर केदार खंड	कृ. रो. मृ. साकेत, मिथिला, कौशाम्बी	उफा. ह. चि. किष्किन्धा, महेन्द्र दर्दुर
उषा. श्र. ध. गुजरात, मरुस्थल सीमान्त	ज्ये. मू. पूषा. मालवा, उज्जैन सिन्धु सौराष्ट्र	स्वा. वि. अनु. कच्छ, नासिक कोङ्कण, महाराष्ट्र

यस्मिन् ऋक्षे स्थितः खेटस्ततो वेधत्रयं भवेत् । ग्रहदृष्टिवशात्तत्र वामसम्मुखदक्षिणम् ॥

सर्वतो भद्र भविष्य

पूर्व

उत्तर — दक्षिण — शनि

अ	कृ.	रो	मृ.	आ	पुन	पु.	श्ले	आ
भ.	उ	अ	व	क	ह	ड	ऊ	म
अ	ल	लृ	वृष	मिथुन	कर्क	लृ	मं.	पू
रे	च	मेष	ओ	सू. मं. नंदा	औ	सिंह	ट	उ
उ.भा.	द	मीन	शुक्र रि.	शनि पूर्णा	बुध भद्रा	कन्या	प	ह
पू.भा.	स	कुंभ	अः	गुरु जया	अं	तुला	र	चि
श	ग	ऐ	मक	धन	वृ.	ए	त	स्वा
ध	ऋ	ख	ज	भ	य	न	ऋ	वि
ई	श्र	ऽभि	उ.षा.	पू.षा.	मू	ज्ये	ऽनु	इ

पश्चिम (बृहस्पति)

यस्मिन्मार्गे स्थिताः खेटास्तत्स्थानान्यायान्ति वेधाः । वेधस्थानं पीड़यन्तीह नूनं, तत्रस्था वै सत्फलं दृष्टिरष्टाः ॥

अखिल ब्रह्माण्ड में जगत्पिता की अलौकिक शक्ति का परिज्ञान करानेवाले जो अनन्त कोटि तारे आकाशमण्डल में हमको दीखते हैं, उनमें जिन तारों (ग्रहों) का हमारी पृथ्वी से अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है। उन्हीं की उच्च नीच स्थानादि स्थित एवं वक्रमार्गादि, अष्टधा गतियों के भ्रमणवशात् इस पृथ्वी के राष्ट्रों में सुभिक्ष दुर्भिक्ष कभी युद्धविग्रह वा रोग महामारी भय फूट परस्पर विद्वेष कभी शान्त कभी अशान्त वातावरण आदि अचिन्तित अकल्पित परिवर्तन सदैव हुआ करते हैं। यह बात ज्योतिःशास्त्रज्ञ भली प्रकार जानते हैं।

(ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहाधीना नरावराः, सृष्टिरक्षणसंहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः) जिस तरह इस भूमण्डल पर लोकतन्त्र राज्य का शासन करने के लिए शासनमण्डल में प्रधान मंत्री आदि कौंसिल के अधिकारियों की मत प्रदान (चुनाव) के अनन्तर तीन या पांच वर्ष के लिए नियुक्ति होती हैं और उन अधिकारप्राप्त व्यक्तियों की योग्यता, अयोग्यता सच्चरित्रता दुश्चरित्रता निःस्वार्थता एवं स्वार्थपरायण आदि गुणावगुणों के अनुसार जैसे शासनयन्त्र-पर अच्छा बुरा असर पड़ता है उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में प्रतिवर्ष संसारचक्र को चलाने के लिए एक दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती आकाशीय-कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशीय-कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट फेर तथा अघटित घटनाएँ घटित होती हैं वह त्रिकालज्ञ महर्षियों के निर्मित ज्योतिर्विज्ञान के ग्रन्थों के आधार से अच्छी तरह जानी जा सकती हैं। अब हम इस वर्ष आकाशी कौंसिल का धार्मिक सामाजिक तथा राजकीय स्थिति पर जैसा भी शुभाशुभ प्रभाव पड़ेगा वह अपनी तुच्छ मति के अनुसार और प्रभुकृपावशात् जो स्फुरित हो रहा है लिख रहे हैं। इस वर्ष अकाशी कौंसिल (ग्रहपरिषद्) के राजमन्त्री आदि दशाधिकारियों तथा आर्षविचारपूर्वक। भारत एवं अन्य राष्ट्रों की राशि का आधिपत्य तथा सूक्ष्म रीत्या उस देश का लग्न कितने अंश में है। यह भी भली प्रकार जानकर के विश्व के राष्ट्रीयफल सहित यह आकाशी कौंसिल (ग्रहपरिषद्) का विचार लिखा गया है। और जहां२ वर्ष में क्रूर मन्द गति ग्रहों की युति हुई है, उनके दक्षिणोत्तर शर आदि से जो २ फल आचार्य वराह मिहिरादिकों एवं श्री जैनाचार्यों ने लिखे हैं, उनको भी यथामति स्फुट रीत्या समझ कर इसी आकाशी कौंसिल में श्रद्धापूर्वक अन्तर्हित कर दिया है। इस उपरोक्त खगोलीय कौंसिल से ज्ञात होता है कि इस वर्ष भाद्रपद या पौष के आसन्न में प्रधान मण्डल में किसी व्यक्ति का पद किसी अन्य के पास जावे या कुछ हेरफेर हो, वैशाख ज्येष्ठ में कहीं से कोई भयप्रद समाचार फैले जिससे शासक वर्ग भी चिन्तित होकर भविष्य के लिये सावधान हो जायेंगे।

स्वतन्त्र भारत के नवमवर्ष की

प्रवेश कुण्डली

इष्टघट्यादिः ४९।३२

स्वतन्त्र भारत की वर्ष कुण्डली को देखते हुए मालूम होता है कि कुछ राष्ट्र भारत को सम्मानित व आनन्दित रखने का सतत प्रयत्न करते रहेंगे। उधर अमेरिका से भी कोई महापुरुष यहां आकर परस्पर का वातावरण ठीक करने का प्रयत्न करेंगे।

राजनैतिक भारत—इस वर्ष यद्यपि भारत को कई नई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, फिर भी ग्रहयोग देखने से ज्ञात होता है कि यह अपनी तटस्थ नीति को अचल रक्खेगा, और अन्य देशों में उत्तरोत्तर मान वृद्धि होगी, बृटेन के साथ प्रेम मध्यम रहेगा, क्योंकि बृटेन अपनी सदा से चली आ रही आन्तरिकनिन्द्य नीति से ही भारत के साथ व्यवहार करेगा। परन्तु जब तक भारत में उपरोक्त कुण्डली वाली इस कांग्रेस की सत्ता वर्तमान है, तब तक भारतीयराष्ट्र के कर्णधार किसी भी कलुषितान्तःकारण राष्ट्र के धोखे में नहीं आवेंगे, अपना राष्ट्र स्वतन्त्र रक्खेंगे, क्योंकि कांग्रेस की जन्मकुण्डली में केन्द्रेश गुरु त्रिकोणेश चन्द्रमा का "गुरु चान्द्री" योग पड़ा है, जिसका यही फल है। इसी योग के कारण भारत की अन्तर्राष्ट्रीय गौरव वृद्धि होगी, जिसे देखकर अन्य बड़े राष्ट्रों के भाव भी कुछ अंशों में शनैः शनैः पलटेंगे।

कांग्रेस की जन्मकुण्डली

वि. सं. १९४२ पौष कृ. ७ (ता. २८–१२–१८८५) इष्ट १२।५ (मुम्बई)

आकाशी कौंसिल का भूमण्डल के राष्ट्रों पर प्रभाव

हो जायेगा। वर्ष के प्रारंभ में कोई गृहकलह जैसी स्थिति उत्पन्न हो कर फिर शान्त हो जायेगी। युद्ध मन्त्री के पद पर किसी अन्य सहायक की आवश्यकता पड़ेगी।

एवं अन्य राष्ट्रों की राशि का आधिपत्य तथा सूक्ष्म रीत्या उस देश का लग्न के भाव की कुछ अंशों में शनैः शनैः पलटेंगे।

आकाशी कौंसिल का भूमण्डल के राष्ट्रों पर प्रभाव

अमेरिका

इस वर्ष वृश्चिक के शनि आने पर इस देश की गतिविधि से कई देश सावधान होने लगेंगे, और कुछेक देशों से मैत्री टूटने का योग है फिर भी यह अपनी शत्रुदमन नीति पर दृढ़ता से बढ़ता चला जावेगा। मार्गशीर्ष के बाद कहीं अपनी अणुशक्ति का परीक्षण रूप में प्रयोग करे ऐसा संभव है। यहां के प्रधान को नई २ उलझनें खड़ी हों। यहां के शासक भारत की नीति से प्रभावित व शंकित रहेंगे। इस देश के कई व्यक्ति भारत में भयप्रद गुप्तचरी करेंगे ऐसा गुरु शुक्र की युति से सिद्ध है। संभव है यह कृत्य पाकिस्तान के कल्याणार्थ हो।

बृटेन

इस वर्ष यह देश अमेरिका को बाह्यरूप से प्रसन्न रखने और आन्तरिक भाव से युद्ध से पृथक् रहने की नीति अपनावेगा। यहां किसी नामवर व्यक्ति को भाद्रपद से पौषतक मृत्यु व दुर्घटना से महाभय होगा।

रूस

यहां के शासक संसार में अनेक षड्यन्त्रों द्वारा अपनी नीति की वृद्धि करते रहेंगे। धार्मिक स्वतन्त्रता और स्वोपार्जित संपत्ति के विषय में कुछ उदार नीति से नये नियम बनाने का ग्रहयोग है। वृश्चिक में शनि राहु की अंशात्मक युति के बाद इस देश में योग्य रूप और मजदूर वर्ग में विचित्र ढंग से दो भेद चालू होने का सूत्रपात हो जायेगा। वर्ष के प्रारंभ में कोई गृहकलह जैसी स्थिति उत्पन्न हो कर फिर शान्त हो जायेगी। युद्ध मन्त्री के पद पर किसी अन्य सहायक की आवश्यकता पड़ेगी।

जर्मनी-जापान

इस वर्ष जर्मन प्रदेश स्वतन्त्र और शस्त्रसज्जित होगा, विभक्त प्रदेश भी एक होने के लिये कटिबद्ध होगा। अन्त में कुछ संघर्ष के बाद वि. सं. २०१३ के प्रारंभ में ही एक हो कर अखंड जर्मनी बने, ऐसा भविष्य इस देश के लग्नांशाधिपत्य विचार से निश्चित होता है। जापान को इस वर्ष स्वतन्त्रता प्राप्ति का कुछ विशेष योग तो है, फिर भी पूर्ण स्वतन्त्रता सुखोपलब्धि में बाधाकारक अभी इनका भाग्येश बन रहा है।

लालचीन, नेपाल, काश्मीर, सिलोन, अफगानिस्तान, तुर्की

उपरोक्त देशों के अक्षांश के अनुसार देश भेद से ग्रहगणित करके प्रत्येक देश की वर्षप्रवेश सामयिक औदयिक कुण्डली लगा कर देखा गया तो इस वर्ष विश्व में लालचीन की प्रभाववृद्धि और सम्मानप्राप्ति के योग हैं। भारत से संबंध अच्छे रहेंगे। नेपाल के किसी प्रधान शासक का स्वास्थ्य बिगड़े और भारत से अभेद जैसा सहयोग प्राप्त हो। काश्मीर को इस वर्ष भी शत्रुभयचिन्ता बनी रहे, परन्तु स्थिति पूर्ववत् बनी रहेगी। शत्रु कुछ न बिगाड़ सकेगा। सिलोन की आर्थिकस्थिति (गत वर्षों की अपेक्षा) अच्छी होते हुए भी लाभ प्रायः अन्यदेशीय प्राप्त करेंगे। इस वर्ष अफगानिस्तान की ग्रहस्थिति देखते हुए भारत से अच्छे संबंध बने रहने का योग है, परन्तु तुर्कीस्तान के आन्तरिक संबन्ध भारत से अच्छे नहीं रहेंगे। किसी समय अपने प्रकट शत्रु रूप में दिखाई देगा।

पाकिस्तान

इस वर्ष पाकिस्तान के किसी सत्ताधारी को मजबूरन पद छोड़ना पड़े। पाकिस्तान का भाग्येश अभी बलवान् नहीं वि. सं. २०१४ वृश्चिकान्त शनैश्चर तक देखिये क्या होता है। इसे अन्य राष्ट्रों की परस्पर टक्कर में वृथा महा जनधनहानि उठानी पड़ेगी, जिसका अनुमान लगाना बुद्धि से परे है। इस नवनिर्मित देश की सत्ता को शनि मंगल यह दोनों ग्रह दो स्थानों में विभक्त कर देंगे। पश्चात् भारी जनधन की हानि होगी। इस वर्ष के अन्त से आगामी तीन वर्षों के अन्दर स्त्री पुरुषों में किसी नये रोग की उत्पत्ति होगी, और उत्तरोत्तर वृद्धि से बलात्कार व गुप्त सतीत्वभंग की घटनाएं भी विशेष होंगी। कानूनों की अवहेलना के साथ-साथ लीग की स्थिति भी डावांडोल हो जायेगी। इसके कुछ प्रदेशों में जल से तथा खूनखराबी से हानि होगी। भारत से शत्रुता का ही व्यवहार रहेगा।

आकाशी कौंसिल का विश्व पर प्रभाव

इस वर्ष प्रायः छोटे २ देश भी उन्नति की ओर अग्रसर हों, पूर्वीय यूरोप में खासी हलचल हो। राहु शनि भौम का संबन्ध कहीं बड़े शासकों को भय करे, कहीं प्रधान की गद्दी बदलावे, कहीं देशों की सीमाओं में हेरफेर हो। पौष से बाद विश्व में कहीं दुर्घटना या कोई आश्चर्यजनक परिवर्तन हो। शनैश्चर की

दृष्टि पश्चिम में है, सो पश्चिमी भूभाग पर विशेष अशुभफल हो। विक्रमी सं० २०१४ के बाद संसार में बड़ा ही आश्चर्यजनक परिवर्तन होगा, प्रायः सर्वत्र विश्वबन्धुत्व की भावना विशेष रूप से जागृत होगी। उस समय अखंड भारत का पुनः जन्म हो जाय तो आश्चर्य नहीं, क्योंकि ग्रहों की गति से ऐसा अव्यक्त संकेत होता है। इस भविष्यवाणी की सत्यासत्यता का निर्णय तो समय ही करेगा। आगे सर्वज्ञ प्रभु हैं।

भयरोगोपद्रव—इस वर्ष मध्यभारत, बंगाल, आसाम में अनेक व्याधियों का उपद्रव तो होगा, परन्तु मृत्युसंख्या विशेष न होगी। श्रावण के बाद पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों की मृत्यु ज्यादा होगी। विश्वव्यापी युद्ध के तो अभी योग नहीं हैं फिर भी शनि, राहु मंगल की गति देखने से विदित होता है कि कहीं सैनिक मुठभेड़ तथा कहीं परस्पर लूटमार खूनखराबी साम्प्रदायिक झगड़ों से हानि अवश्य होगी। १४ ज्येष्ठ के बाद मोटर रेल्वे विमान जल जहाज विभाग में दुर्घटनाएं होने की ग्रहस्थिति है। इस वर्ष शनैश्चर अपने जन्म नक्षत्र विशाखा में भ्रमण करेगा, जो पश्चिमोत्तर में प्रजा को फोड़ाफुन्सी उदरविकार नेत्ररोग आदि से कष्ट देगा। सिंह के गुरु आने पर कोई महानुभाव स्थिर विश्वशान्ति के लिये प्रयत्न करेंगे। परन्तु उनका वह प्रयत्न सफल नहीं माना जायेगा। तृतीय महायुद्ध से पहिले सम्पूर्ण विश्व दो विभागों में अवश्य विभक्त होगा। आगामी युद्ध में राहु भौम प्रभावित आकाश मार्ग में ताश कंद कराची आदि के मध्य तात्कालिक किसी शत्रुदेशीय विमानों की भयङ्कर झङ्कार रहेगी। इस तीसरे विश्व-युद्ध से चिन्ता का कारण तो न्यूनाधिक्य रूप से सर्वत्र होगा, फिर भी भारतवासियों को विशेष चिन्तित नहीं होना चाहिये, क्योंकि इस ऋषियों के प्राचीन देश में भारतवासी आज भी धर्मपरायण होते हुए दुष्टहन्त्री श्री जगज्जननी महाशक्ति व प्रभु के आश्रित व उपासक हैं, (निर्बल के बल राम) और इससे निश्चय है कि उस समय भी भारत की बहुत अंश में रक्षा होगी।

आकाशी कौंसिल का व्यापार पर प्रभाव

वर्ष के मुख्याधिकारियों को देखते हुए यह वर्ष सुभिक्ष सस्तापन वाला दीखता है। फिर भी वैसा पूर्ण सस्तापन वि. सं. २०१४ तक असंभव है। भारत और यूरोप के बाजारों में उथल पुथल बराबर होती रहेगी, अर्थात् तेजी में मन्दी और मंदी में अचानक तेजी के योग आते रहेंगे। भारत का अन्य राष्ट्रों से व्यापारिक वस्तुओं के आदान प्रदान द्वारा पूर्ववत् व्यापार चलता रहेगा। तेल एरण्ड कालीमिर्च मीठा गतवर्ष की अपेक्षा खास तेज रहेगा, विदेशों से भी इनकी मांग आवेगी।

रसकस तेल बिनौला मूंगफली में वैशाख के बाद अचानक अचिन्तित तेजी आवेगी। वर्षारम्भ में खाद्यपदार्थ प्रायः मन्दापन में रहेंगे। आषाढ़ के बाद कुछ तेजी रहेगी। मिर्चों के सीजन में इनका भाव कुछ ऊँचा रहकर पीछे वैशाख में सीजन बाद कुछ घटेगा, उस समय खरीदने से लाभ होगा।

चान्दी सुवर्ण—२५ मई से २८ जुलाई के अन्दर चान्दी में मन्दे का वातावरण रहेगा। चक्रगतिवशात् आश्विन में चान्दी का भाव गिरने लगे तो १३० या १४० के आसन्न जा सकती है। सुवर्ण का भाव इस वर्ष करीब ७० से ९० के मध्य से चलता रहेगा। श्रावण तक सुवर्ण चान्दी के भावों में खासा हेरफेर चलेगा। वर्षारम्भ से अधिक भाद्रपद तक वस्त्रों के भाव में कुछ गिरावट रह कर पीछे रुख तेज रहे। प्र. भाद्रपद शुदी में घृत तेल मसूर तेज हों।

शेयर बाजार—चैत्र, वैशाख में शेयर बाजार तेजी में रहे, और महीनों में कुछ मन्दे या स्थिर भाव में। विशेष—२६ जून से २२ अगस्त तक शेयर बाजारों में भारी मन्दी आवे। २३ अगस्त से ७ सितंबर के अन्दर शेयर एकाएक तेज हो।

रुई—१८ अगस्त से ८ सितंबर तक रुई में तेजी वाले कमा लेंगे।

मार्गशीर्ष से पहिले तांबा और व तांबे की वस्तुएं संग्रह करने से आगे उत्तम लाभ हो। उपरोक्त विचार ग्रहगति से लिखे हैं, इसमें तात्कालिक शकुन वशात् कुछ न्यूनाधिक भी होना संभव है जो पत्र व्यवहार से निश्चित हो सकता है।

आश्विन से फाल्गुन तक घृत में तेजी का रुख रहेगा गतवर्ष की तरह मंदी नहीं होगी। दीपमाला से बाद चान्दी मंदी रहेगी, तेजी का ध्यान रखनेवाले प्रायः हानि में रहेंगे। फाल्गुन कृष्ण १४ से कपड़े में किसी कारणवश तेजी रहेगी।

भारत की वर्षा वायु आदि पर ग्रहों का प्रभाव

इस वर्ष मेघाडम्बर बिजली का जोर बहुत रहेगा। दक्षिण भारत में वृष्टि से हानि होगी। अन्यत्र पहिले खंड वृष्टि होती रहेगी, पीछे वृष्टि उत्तम वर्षाकाल में आषाढ़ शुदी ११ से प्र. भाद्रपद कृष्ण १४ तक मंगल गुरु एक राशि में रहेंगे। यह गुरु मंगल योग जहां जिस देश में आषाढ़ी पूर्णमासी की वायु (ठीक सूर्यास्त समय) अग्नि दक्षिण नैर्ऋत की चली होगी वहां इन दिनों वृष्टि करनेवाले मेघों को भी वायु उड़ा कर अनावृष्टि करेगी। लिखा भी है—

> एकराशिगतावेतौ धरापुत्राङ्गिरःसुतौ।
> तदा मेघा न वर्षन्ति वर्षाकाले न संशयः॥

जहां जिस प्रान्त में इस योग के कारण या और किसी भी कारण से जब भी वर्षा का अभाव हो वहां शान्त्यर्थ श्री महादेव पर सहस्र जलघट का अभिषेक करे और साथ ही धर्मात्मा सुशील किसी विद्वान् ब्राह्मण से नाभिमात्र जल में खड़े होकर "ॐ नमो भगवति जलदान्त प्रत्यक्षो भव मे द्रुतम्" इस मन्त्र का १२ हजार जप करावे, ऐसे ही एक दूसरे सत्यवक्ता विद्वान् से "ह्रूं श्री ह्रूं" इस मन्त्र का सवा लक्ष जप करावे, तो अना-वृष्टि दूर होकर उत्तम वर्षा होवे। स्मरण रहे कि जिन विद्वानों ने उपरोक्त मन्त्रों को पहिले विधिपूर्वक सवा लक्ष जप करके सिद्ध चलता कर लिया है, वही जप करें और नहीं, जप के अन्त में इन्हीं मन्त्रों से और मेघवाहन मन्त्रों से गुग्गुल श्वेत चन्दन अगर कनेर के फूल शुद्ध मधु घृत तिल जौं चावल खांड मेवा से हवन करे। (देखो पृ. २६ वर्षा विज्ञानसारणी) अनावृष्टि शान्ति तो ऊपर लिखी जा सकी है, इसी प्रकार

में वर्षाकाल में चतुर्ग्रही वा पञ्चग्रही योग के कारण अतिवृष्टि होने लगे तो शान्त्यर्थ वर्षाविज्ञानसारणी पृ. २६ के लिखे प्रयोग को करें, और [illegible]

धान्यादि तोलने के लिये तराज़ की डण्डी सोने की हो तो उत्तम, चान्दी की हो तो [illegible] तो खैर के काठ या (जिस तीर से मनुष्य विधा हो, उसकी १ [illegible]

में वर्षाकाल में चतुर्ग्रही वा पञ्चग्रही योग के कारण अतिवृष्टि होने लगे तो शान्त्यर्थ वर्षाविज्ञानसारणी पृ. २६ के लिखे प्रयोग को करें, और साथ ही "ॐ ह्रीं खसमेकतित्रहुं फट् स्वाहा"। अतिवृष्टि के समय इस मन्त्र का जप करे तो वहां वर्षा अवश्य बन्द हो जावे। जापक जिस दिशा का स्मरण करे उसी तरफ वह वर्षा चली जावेगी। इस मन्त्र को भी पहिले सवा लक्ष जप हवनादि करके सिद्ध कर छोड़े तो समय पर अवश्य चमत्कार दीखे।

ग्रहयोग से तो भूमण्डल में सामूहिकरूपेण वर्षा का ज्ञान होता है। अपने स्थान में निश्चित रूप से कब वर्षा होगी। इस के लिए वर्षाविज्ञान सारणी का आश्रय लेना चाहिये। ग्रह गति देखते हुए वर्षा ऋतु के अन्त में तो वर्षा होकर कहीं भी जल की कमी न रहेगी और आगे की फसल के लिये जमीन बन जावेगी, ऐसा ज्ञात होता है।

महोदयो, ये भविष्य को देख सकने वाली दृष्टि तो इस कलियुग में कठिन ही है फिर भी ज्यौतिषशास्त्रदृष्ट्या और श्रीप्रभुकृपावशात् जो मुझे विश्व का शुभाशुभ फल दीख पड़ा वह मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार लिख दिया है आगे कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ श्रीप्रभु ही हैं। उनकी प्रबल माया के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ व्यक्ति क्या भविष्य लिख सकते हैं। तत्त्वञ्चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।

काले वर्षतु पर्ज्जन्यः पृथिवी शस्यशालिनी।
देशोऽयं क्षोभरहितो ब्राह्मणाः सन्तु निर्भयाः॥
सर्वेऽपि सुखिनः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखमाप्नुयात्॥

कुराली शुभेच्छुः—
१२—६—५४ बघाटनरेशाश्रितो मुकुन्दवल्लभः

तेजी-मन्दी एवं सब प्राणियों का शुभाशुभ फल देखने का आर्षप्रकार।

आषाढ्यां सर्वधान्यानि सन्ध्यायां च पृथक् पृथक्।
तोलयेद्वर्णमानेन जलादिनापि सर्वशः॥

आषाढ़ की पूर्णमासी को संध्या के समय अनाजादि वस्तुओं को तोल २ के अलग-अलग रक्खे, फिर दूसरे दिन पूजनार्चना करके तोले जो घटे उसकी हानि जो बढ़े उसकी वृद्धि या मन्दी होवे।

हैमी प्रधाना रजतेन मध्या तयोरलाभे खदिरेण कार्या।
विद्धः पुमान्येन शरेण सा वा तुलाप्रमाणेन भवेद्वितस्तिः॥

धान्यादि तोलने के लिये तराजू की डण्डी सोने की हो तो उत्तम, चान्दी की हो तो मध्यम, किन्तु यह नहीं मिले तो खैर के काठ या (जिस तीर से मनुष्य विधा हो, उसकी १ बालिस्त (१२ अंगुल) लम्बी बनावे।

क्षौमं चतुःसूत्रकसंनिवद्धं षडङ्गुलं शिक्यकवस्त्रमस्याः।
सूत्रप्रमाणञ्च दशाङ्गुलानि षडेवकक्ष्यो भयशिक्यमध्ये॥

उसके दोनों पलड़े रेशम या शण आदि के ६।६ अंगुल चौड़े और उनके चारों कोनों में १०।१० अंगुल ४ डोरियां लगावें और डण्डी को बीच में पकड़ने के लिये ६ अंगुल की डोरी डाले फिर नीचे लिखे मन्त्र से तराजू को अभिमन्त्रित करे।

तराजू का मन्त्र—

स्तोतव्या मन्त्रयोगेन सत्या देवी सरस्वती।
दर्शयिष्यसि यत्सत्यं सत्ये सत्यव्रता ह्यसि॥
येन सत्येन चन्द्रार्कौ ग्रहा ज्योतिर्गणास्तथा।
उत्तिष्ठन्तीह पूर्वेण पश्चादस्तं व्रजन्ति च॥
यत्सत्यं सर्ववेदेषु यत्सत्यं ब्रह्मवादिषु।
यत्सत्यं त्रिषु लोकेषु तत्सत्यमिह दृश्यताम्॥
ब्रह्मणो दुहितासि त्वमादित्येति प्रकीर्तिता।
काश्यपी गोत्रतश्चैव नामतो विश्रुता तुला॥

अभिमन्त्रित करने के बाद सन्ध्या के समय देवमन्दिर में जाकर पूर्वाभिमुख बैठ कर तराजू के दक्षिण बाजू के पलड़े में सोने की मोहर रक्खे अभाव में चान्दी का रुपया और उत्तर के पलड़े में दूसरी वस्तुओं को तोल २ कर जुदी २ रक्खें।

दन्तैर्नागा गोहयाद्याश्च लोम्ना हेम्ना भूपाः शिक्थकेनद्विजाद्याः।
तद्वद्देशा वर्षमासा दिशाश्च शेषद्रव्याण्यात्मरूपस्थितानि॥

हाथियों के लिए हाथी के दान्त, गाय घोड़ा बकरी आदि के लिये उनके केश, राजाओं के लिये सोने की तथा ब्राह्मणादि वर्णों, देशों, दिशाओं, वर्षों और महीनों आदि के लिये मोम की जुदी २ मूर्तियें कल्पना करके तोले और दूसरे जितने अन्नादि द्रव्य हैं, उनके लिये उन्हीं को रख कर तोले।

हीनस्य नाशोऽभ्यधिकस्य वृद्धिस्तुल्येन तुल्यं तुलितं तुलायाम्।
तोयैः कौप्यैः सैन्धवैः सारसैश्च वृष्टिर्हीना मध्यमा चोत्तमा च॥

दूसरे दिन प्रातःकाल पीछे तोलने से जो वस्तु घटे उसका नाश, जो बढ़े उसकी वृद्धि, जो न घटे और न बढ़े वह समान रहे। उसी प्रकार कुएं का पानी बढ़े तो अल्प, झरने का बढ़े तो मध्यम, और तालाब का बढ़े तो अधिक वर्षा होवे, किन्तु जो तीनों ही का पानी घटे तो अनावृष्टि होवे।

यह वस्तु तोलने की विधि परमगुप्त थी वह यहां बताई जा चुकी है,

नोट——वस्तु की कमीबेशी तुला में ज्वार के दाने डाल कर देखें।

तेजीमंदीज्ञानाथ वस्तुराशिसारिणी

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
सोना, मसूर कंबल, पस मीनाराज, गेहूं, यव	वस्त्र पुष्प सरसों, गेहूं, यव, चावल, महिष, बैल	बाजरी, रूई, कपास, कमल-कंद, गुवार, जुवार, मक्का	कोद्र, केला, दूर्वा, जायफल, तमालपत्र, दालचीनी	शाली, षट्रस, मृगछाल, गुड़, खांड	जवांसा, बटला, कुलथी मूंग सफेद गेहूं, अलसी	उड़द, लाल गेहूं, नालि, सरसों, हरड़े, मटर	गुड़खांड नागरपा, लोहमीढ़ा, शर्करा	रस, घोडाह लवण, चित्र, वस्त्र, आयुध, मूल,	कनीर, सकूट मजीठ च. जमीकंद	रस, पोस्ता रत्न, चित्र वि. वस्तु.	सीप, मोती हीरा, अंतर।

श्लोकः—षट् सप्तमगो हानिं वृद्धिं शुक्रः करोति शेषेषु। उपचयसंस्थाः क्रूराः शुभदाः शेषेषु हानिकराः ॥१॥

उदाहरण—जिस वस्तु की तेजी व मन्दी देखनी हो, तो वस्तु की चक्र में शक्ति कौन है ऐसा पहिले देखे फिर उस राशि से कौन ग्रह किस २ स्थान में है, ऐसा देखे। यदि वस्तु की राशि से गुरु४।१०।२।११।७।९।५ राशि पर हो तो उस वस्तु की मन्दी करे और यदि १।३।६।८।१२ स्थानों में गुरु हो तो वस्तु की तेजी करता है। इसी प्रकार २।११।१०।५।८ में बुध हो तो मन्दी करें और १।३।४।६।७।९।१२ इन स्थानों में बुध होवे, तो तेजी करे। शुक्र ६।७ में सदा तेजी करे और १।२।३।४।५।८।९।१०।११।१२ में शुक्र सदा मन्दी करे। मं., श., रा., के., सू., क्षीणचन्द्र ये ग्रह ३।६।१०।११ में मन्दी करें और १।२।४।५।७।८।९ स्थानों पर तेजी करें। ऐसे पूर्ण चन्द्रमा का फल बृहस्पति सदृश देखना। ऐसे नवम ग्रह से देख कर फल की दो पंक्ति स्थापित करनी। जिन ग्रहों में ज्यादा बल होवे, और तेजी, मंदी तर्फ अधिक ग्रह होवें, वही फल विशेष होता है। यह निःसन्देह है फिर ग्रहों का उच्चमूल त्रिकोणी स्वगृहादि यथावत् बल को निर्धारित करना। जैसे कि एक तरफ मन्दी करने वाले चार ग्रह हैं और मंगल अपनी उच्च राशि मकर में गया है, तो जैसा मंगल का फल विशेष होगा, वैसा उन चार का नहीं होगा।

श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्ग की भविष्यवाणियों की सत्यता

श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्ग के गणितश्रम (दैनिकग्रह तथा १०।१० घटी के चन्द्र स्पष्ट आदि) की शुद्धता एवं व्यापारिक-राजनैतिक तथा दैशिक भविष्यवाणियों की सत्यता से प्रसन्न होकर विद्वज्जनों तथा अनेकों व्यापारियों ने प्रशंसा-पत्र भेजे हैं, मैं उनका हृदय से धन्यवाद करता हूं।

गत सं० २०११ वर्ष के इस पञ्चाङ्ग की भविष्य-वाणियों की सत्यता का कुछेक दिग्दर्शन देखिये——

(१) अमेरिका के सैनिक पाकिस्तान में—

"पूर्वीय प्रदेश में इनके सैनिकों का पदार्पण होगा" (पृ. ३९ कालम पहला) तदनुसार इस वर्ष इनके सैनिकों का पाकिस्तान में पदार्पण हुआ।

(२) भारत में कहीं जल प्रलय कहीं सूखा—

"वर्षा के लिये यह वर्ष बड़ा बेढंगा है। भौम गति वशात् कहीं तो अतिवृष्टि से नदी नाले भरपूर ग्राम जलमग्न दिखाई देंगे और जलप्रलय (बाढ़) से जनधन पशुओं की बहुत हानि होगी। जिससे त्राहि-त्राहि मचेगी। सरकार को सहायता के लिये बहुत खर्च करना पड़ेगा। और कहीं दूसरी तरफ क्षुद्र नदी नाले तालाबों में पानी का अभाव दिखाई देगा। बड़े दरियाओं का जल भी अपने स्तर से बहुत कम होगा॥"

(पृ. ४०—कालम दूसरा) तदनुसार एक ओर बिहार बंगाल आसाम में नदियों की भीषण बाढ़ से हाहाकार मचा, जिससे इन तीनों प्रदेशों के असंख्य व्यक्तियों के अन्न-वस्त्र निवास की चिन्ता सरकार को भी हुई, दूसरी ओर उड़ीसा में वृष्टि के अभाव से धूल उड़ी, और पूर्वीय पंजाब के कई जिलों में खेतियां आधी सूख गईं। इस पञ्चाङ्ग के लेखानुसार जलप्रलय वाले प्रदेशों में सरकार को करोड़ों रुपये की सहायता करनी पड़ी।

(४) पञ्जाब के प्रसिद्ध नेता डा० सत्यपाल की मृत्यु—

"ति. २ से ३१ दिन के अन्दर किसी श्रेष्ठमान्य पुरुष की मृत्यु वा मृत्यु तुल्य कष्ट होवे" (पृ. ४२) तदनुसार इन्हीं दिनों में नई राजधानी चण्डीगढ़ में डा० सत्यपाल की मृत्यु हुई।

इसी तरह अन्य दैशिक तथा राजनैतिक भविष्य एवं वार्षिक व मासिक तेजी मन्दी आदि की भविष्यवाणियां भी ९५ फी सदी सही उतर रही हैं, आशा है कि भविष्य में भी श्री प्रभुकृपा से सत्य ही उतरेंगी॥

संवत् २०१२ शाकः १८७७ चैत्र शुक्लपक्षः १ | हि. | अ. | म. | चन्द्रः | सू. उ. | सू. [illegible] | सौरसूर्यस्पष्टः | (२५ मार्च से ७ अप्रैल तक १९५५ ई०) उत्तराय[illegible] वसन्तर्तुः।

दि.मा. | ति. | वा. | घ. | प. | न. | घ. | प. | यो. | घ. | प. | क.

ग्रहदर्शन—मं. सूर्यास्त बाद पश्चिम क्षितिज में, गुरु खमध्य में दीखेगा। शनि पूर्वरात्रि में पूर्व में बु. शु. सूर्योदय से पहिले पूर्व में दीखेंगे।

संवत् २०१२ शाकः १८७७ चैत्र शुक्लपक्षः १ (२४ मार्च से ७ अप्रैल तक १९५५ ई०) उत्तरायणे [illegible] वसन्तर्तुः।

दि.मा.		ति.	वा.	घ.	प.	न.	घ.	प.	यो.	घ.	प.	क.	घ.	प.	ह.	अ.	म.	चन्द्रः सञ्चारः	सू. उ. रेल्वे		सू. अ. रेल्वे		सारसूर्यस्पष्टः उदयकाले			
३०	२३	१	शु.	३	१	रे.	३५	८	ब्र.	५७	४२	ब.	३	१	१२	२५	२९	मे. ३५।८	६	२७	६	३५	११	१०	२७	४०
अवम		२	शु.	५५	५	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	० ० ०	०	०	०	०	०	०	०	०
३०	२८	३	श.	५२	४१	अ.	३१	४२	वै.	५०	२४	तै.	२५	२३	१३	२६	१	मेषे	६	२५	६	३६	११	११	२७	६
३०	३२	४	र.	४६	५१	भ.	२७	५१	वि.	४२	४६	व.	१९	४६	१४	२७	२	वृ. ४१।४७	६	२३	६	३७	११	१२	२६	२८
३०	३७	५	चं.	४०	५२	कृ.	२३	४४	प्री.	३५	२	ब.	१३	५१	१५	२८	३	वृषे	६	२२	६	३८	११	१३	२५	४६
३०	४२	६	मं.	३४	५४	रो.	१९	३४	आ.	२७	१६	कौ.	७	५३	१६	२९	४	मि. ४७।३४	६	२१	६	३९	११	१४	२५	२
३०	४६	७	बु.	२९	११	मृ.	१५	३५	सौ.	१९	४०	ग.	२	२	१७	३०	५	मिथुने	६	२०	६	४०	११	१५	२४	१६
३०	५०	८	गु.	२३	५०	आ.	११	५८	शो.	१२	२२	व.	२३	५०	१८	३१	६	क. ५४।४२	६	१८	६	४०	११	१६	२३	२९
३०	५४	९	शु.	१९	७	पुन.	८	५७	अ.	५९	२४	कौ.	१९	७	१९	अ१	७	कर्के	६	१७	६	४१	११	१७	२२	४०
३०	५८	१०	श.	१५	१४	पु.	६	४६	धृ.	५३	५८	ग.	१५	१४	२०	२	८	कर्के	६	१६	६	४१	११	१८	२१	५०
३१	३	११	र.	१२	१७	श्ले.	५	२४	शू.	४९	२३	वि.	१२	१७	२१	३	९	सिं. ५।२४	६	१५	६	४१	११	१९	२०	५७
३१	७	१२	चं.	१०	२४	म.	५	५	ग.	४५	४६	बा.	१०	२४	२२	४	१०	सिंहे	६	१४	६	४२	११	२०	२०	२
३१	१२	१३	मं.	९	४५	पू.फा	६	००	वृ.	४३	९	तै.	९	४५	२३	५	११	कं. २१।३२	६	१३	६	४३	११	२१	१९	५
३१	१६	१४	बु.	१०	२३	उ.फा	८	८	ध्रु.	४१	३२	व.	१०	२३	२४	६	१२	कन्यायाम्	६	१२	६	४३	११	२२	१८	४
३१	२०	१५	गु.	१२	२५	ह.	११	३६	व्या	४०	५४	ब.	१२	२५	२५	७	१३	तु. ४५।६३	६	१०	६	४३	११	२३	१६	५९

ग्रहदर्शन—मं. सूर्यास्त बाद पश्चिम क्षितिज में, गुरु खमध्य में दीखेगा। शनि पूर्वरात्रि में पूर्व में बु. शु. सूर्योदय से पहिले पूर्व में दीखेंगे।

चन्द्रदर्शनम्, चान्द्रसंवत्सरारम्भः, नवरात्रा., घटस्थाप., वर्षफलश्र.,*
*निम्बपत्रभक्ष., पञ्चकस. ३५।८
गणगौरी३ पू., मत्स्यज., सावल मु. ८,
भ.१९।४६उ.४६।५१या. कृति.भौमः ४।४२, पू.भा.यां बुधः २५।५८
‡श्रीमनसादेवी
मेलामाईसरखाना
भ. २९।११ उ. ५६।३० या., शत. शुक्रः २०।११
रेवत्यां रविः १६।४५, वृषे भौमः ५५।५५, श्रीदुर्गा ८ मेला‡
श्रीरामनवमीव्र., अप्रैल ४ ता० ३०
भ. ४३।४५ उ. मीने बुधः ४४।५३
भ. १२।१७ या. कामदा ११ व्र.
उ. भा यां बुधः ४३।१ प्रदोषव्र.
श्रीजैनमहावीरजयन्ती
भ.१०।२३ उ. ४१।२४ या. सत्यव्रतम्
वै. स्ना. प्रा.

चैत्रशुक्ल ८ गुरादिष्टम् ०।० दिनगणः ३६०

सू.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	००	१०	२	१०	६	८	२
१६	२९	२५	२६	७	२७	७	७
२३	२१	३२	५७	२७	१६	२८	२८
२९	३०	१६	४७	७	१४	१३	१३
५९	४१	९५	२	७१	२	३	३
१३	७	१२	३०	००	४६	११	११
गतिः	मा.	मा.	मा.	मा.	व.	व.	व.
	उ.	उ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
उ.भा ४	कृ. १	प.भा २	पुन ३	श. १	वि. ३	मू. ३	आ. १

१ मं. | ११बु. | १२सू. | १० | २ | ३ | ९रा. | चं.के. | ४ | गु. | ८ | ५ | ७श.

इस पक्ष मे गुड़, खांड, शक्कर, अनाज के भाव में तेजी रहेगी। रेशम, कुष्टा, बिनौला मन्दा हो। रुई में १५–२० टका खांड, गुड़, में ८ आने से १ रुपया तक और चान्दी में २–२॥ की तेजी हो। ति. ८ से गेहूँ, वस्त्र, सुवर्ण, चन्दन के भाव में अच्छी तेजी आवे। ति. ११ से रुई, चान्दी, गेहूँ के भाव में मन्दापन और बिनौला तेज।

आकाशलक्षण—इस पक्ष में प्रायः बादल चाल रहे। ति. ५ से ९ तक तथा ति. १४–१५ को वायु, बादलचाल, कहीं बन्दाबांदी भी हो।

चैत्रशुक्ल १५ गुरादिष्टम् ०।० दिनगणः ३६७

सू.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	१	११	२	१०	६	८	२
२३	४	७	२७	१५	२६	७	७
१६	७	१८	२०	४५	५४	५	५
५९	४०	३६	५३	१५	४४	५९	५९
५८	४०	१०५	३	७१	३	३	३
५५	४४	२८	५४	१६	२०	११	११
	मा.	मा.	मा.	मा.	व.	व.	व.
विवाह लग्न से ७वें ग्रह होने पर जामित्र दोष होता है, ऊपर वैवाहिक नक्षत्र हैं और नीचे ग्रह नक्षत्र है, यानें १४वें नक्षत्र में पापी ग्रह का जामित्र दोष वर्जनीय है।

७ एकार्गलदोषः

व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कुम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड यें योग हों और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

८ उपग्रह—

सूर्य के नक्षत्र से ५वें ७वें ८ वें १० वें १४वें १५वें १८वें १९ वें २१वें २२वें २३ वें २४वें और २५ वें नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

९ क्रांतिसाम्यदोषचक्रम्

मे०	वृ०	मि०	क०	कं०	तु०
सिंह	म०	ध०	वृश्चि०	मी.	कु०

नीचे या ऊपर की राशि पर सूर्य हो या चन्द्रमा हो तो स्थल क्रांतिसाम्य दोष होता है यह सर्वत्र वर्जित है। जैसे मेष के सूर्य सिंह के चन्द्रमा में वा सिंह के सूर्य मेष के चन्द्रमा में।

६ बाणज्ञानाय सुलभचक्रम्

बाण नाम	गतांशाः राशौ	प्रति अर्कस्य	५ कर्म वर्ज्याः	वार-समयपरत्वेन वर्ज्याः	वर्ज्याः
रोग	८।१७।२६	व्रतबन्धे	रवौ	रात्रौ	त्याज्यम्
वह्नि	२।११।२०।२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव	वर्ज्यम्
नृप	४।१३।२२	नृपसेवायां	मन्दे	दिवा	त्याज्यम्
चौर	६।१५।२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ	वर्ज्यम्
मृत्यु	१।१०।१९।२८।	विवाहे	बुधे	संध्ययोः	वर्ज्यम्

१० दग्धा[illegible]दाः

९	२	४	६	५	१०	सूर्य
१२	११	१	३	८	७	राशयः
२	४	६	८	१०	१२	तिथयः

इन संक्रान्तियों में ये तिथियां दग्धा होती हैं सो विवाह में वर्जनीय हैं।

भुजंग क्रांतिसाम्यञ्च बाणवेध तथैव च। लग्नहीनविवाहन्तु कलौ पञ्च विवर्जयेत्॥

लत्तादिदोषाणां परिहारवाक्यानि—लत्तामालवके (उज्जैन प्रान्त) देशे एकार्गलं च पातश्च कुरु (कुरुक्षेत्र बांगर) जांगले (फिरोजपुर भटिण्डा प्रान्त) काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्॥ उपग्रहर्क्षे कुरुवाह्लिकेषु (आगरा प्रान्त अवधस्थान) कलिंगवंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पातितं भम्॥ सौराष्ट्र (कठियावाड़) शाल्वैः (उज्जैन प्रान्त) च लत्ताभं त्यजेत् विद्धं किल सर्वदेशे॥ युतिदोषो भवेद् गौडे (बंगाल) जामित्रस्य च यामुने (मथुरादि प्रान्त)। मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः॥

विशेषपरिहारः—चित्रां गते पातविचित्रदेशे, मैत्रे मघा मालवके निषिद्धाः। पौष्णश्रुतिश्चोत्तरदेशजातः, सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजंगपातः॥

युतिपरिहारः—स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः। युतिदोषाय न भवेद्दम्पत्योः श्रेयसे तदा॥ अत्यावश्यके वेधपरिहारः— पादमेव शुभैर्विद्धमशुभैर्नैव कृत्स्नतः (नारदः)॥ अतोऽन्त्यपादमादिगो द्वितीयकस्तृतीयकम्। तृतीयको द्वितीयकं चतुर्थगस्तु चादिमः॥ भिनत्ति वेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात् (वसिष्ठः)॥ अथ पापग्रहेण भुक्तभोग्याक्रान्तनक्षत्रस्य शुभेषु त्यागः—भुक्तं भोग्यं तथाक्रान्तं विद्धं पापग्रहेण च। शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः॥ अस्यापवादः— ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरभुक्तादिकानि च। भुक्त्वा चन्द्रेण भुक्तानि शुभार्हाणि प्रचक्षते॥ जामित्रपरिहारः—(व्यवहारसमुच्चये)– स्वोच्चे सौम्यालये चन्द्रे स्ववर्गे मित्रवर्गगे। हत्वा जामित्रकृद्दोषं करोति विपुलं सुखम्। मुहूर्तचिंतामणावपि—एकार्गलोपग्रहपातलत्ता जामित्रकर्त्तर्युदयास्तदोषाः। नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ने लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषाः॥

विवाहे लग्नशुद्धिचक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
चं. पापः	०	शु.	रा.	०	चं. शु. लग्नेश	सर्वे	चं. मं. शुभाः लग्नेश	०	मं.	०	श. चं०	त्याज्याः
चं. मं.	कुलिकं कान्तिसाम्यञ्च				चं	मं.	८		विद्धभञ्च			गोधूली त्याज्याः

सर्वथा लग्नभंगयोगाः—व्यये शनिः खेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रखला न शस्ताः। लग्नेट् कविग्लौ च रिपौ मृतौग्लौ लग्नेट् शुभाराश्च मदे च सर्वे (अस्तेऽब्जागुरु समौ)॥ वर्गोत्तमं विनान्त्यांशो विवाहे न शुभप्रदः। वर्गोत्तमश्चेदन्त्यांशः पुत्रपौत्रादिवृद्धिदः॥ दम्पत्योरष्टमं लग्नं त्वष्टमो राशिरेव च। यदि लग्नगतः सोऽपि दम्पत्योर्निधनप्रदः॥ पंग्वन्धादिलग्नानां गौडमालवयोरेव त्यागः, बादरायणः—मासशून्यायह्वास्तारा राशयो बधिरादयः। गौडमालवयोस्त्याज्या स्त्वन्यदेशे न गर्हिताः॥

कर्तरीदोषः—लग्नस्य पृष्ठाग्रयोः साध्वोः सा कर्तरी स्यादृजुवक्रगत्योः। तावेव शीघ्रौ यदि वक्रचारौ न कर्त्तरी चेति पितामहोक्तिः। "इयं कर्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या" केषाञ्चिल्लग्नदोषाणां परिहारः—पापौ कर्तरीकारकौ रिपुगृहे नीचास्तगौ कर्तरी दोषो नैव सितेऽरिनीचगृहगे तत्षष्ठदोषोऽपि न। भौमेस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमो दोषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिःफाष्टारिदोषोऽपि न॥

दोषापवादाः ज्योतिर्निबन्धे—दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पाः कलौ युगे। तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणैः सह॥ अपवादांतरम्—उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः। केन्द्रसंस्थः सितो वापि पन्नगान्गरुडो यथा॥ मुहूर्तलग्नषड्वर्गकुनवांशग्रहोद्भवाः। ये दोषास्तान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी॥ अब्दायनर्तुमासोत्थाः पक्षतिथ्यर्क्षसम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे। लग्नाधिपो यदा केन्द्रे लग्नादेकादशालये॥ सर्वग्रहकृतं रिष्टमेकोपि विलयं नयेत्॥ बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्। द्यूनं विहाय दैत्येज्यः सहस्रं लक्षमंगिराः॥ स्मरण रहे कि पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सर्वत्र सप्तमरहित केन्द्र (१।४।१०) ही ग्रहण करना।

विवाहे ग्रहाणां रेखाप्रदस्थानानि

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	ग्रहाः	मुहूर्तगणपतौ
३	२	३	१	१	१	३	३		स्थानानि	लग्नं शुभं विवाहे स्याद्दर्शविंशोपकाधिकम्
६	३	६	२	२	२	६	६	३		
८	११	११	३	३	४	८	८	८		
११			४	४	५	११	११	११		
			५	५	९					
			६	६	१०					
			९	९	११					
			१०	१०						
			११	११						
१॥	५	१॥	२	३	२	१॥	१॥	१॥		विंशोपका बलम्

वदन्ति। लग्ने विशुद्धे सति वीर्य्ययुक्ते गोधूलिकं नैव फलं विधत्ते॥ मार्ग माघ फाल्गुन संध्यासमय सूर्य गोलक समान दृष्टि गोचर होने पर चै. वै. में गौओं की धूली से आकाश आच्छादित होने पर ज्ये. आषाढ़ में सूर्य आधा अस्त होने पर श्रा. भा. आश्वि का. में सूर्य पूर्ण अस्तहोने पर गोधूलि लग्न होता है।

गोधूलिके त्याज्यदोषः—कुलिकं क्रांतिसाम्यञ्च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तदा गोधूलिकस्त्याज्यः पञ्चदोषस्तु दूषितः॥ "अस्तं याते गुरुदिवसे सौरे सार्के" अर्थात् बृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे (क्योंकि सूर्यास्त से पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्य अस्त से पहले (क्योंकि सूर्य अस्त हो जानसे कुलिक मुहूर्त होगा) गोधूलि. समझना।

संकीर्णचाण्डालादिजातीनां विवाहमुहूर्तः—कृष्णपक्षे भानु-भौमार्कजानां, वारे योगे चापि धिष्ण्य निषिद्ध। संकीर्णानां दारकर्म प्रशस्तं, प्रीत्यर्थायुःप्राप्तये शौनकाद्याः॥

पुनर्विवाहे सूर्यभात् शुभाशुभज्ञानाय चक्रम्।

३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
मृत्यु	धन	मरण	मृत्यु	पुत्र	मृत्यु	दर्भग	श्रीः	उन्नति	फलम्

अन्यच्च—सूर्यभात् ४।११।१८।२५ संख्यकसाभिजिद्भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः। अत्र तिथिमासवेधभृगुगुर्वस्तादिदोषोऽपि नावलोकनीयः॥

वधूप्रवेश का मुहूर्त—जब वधू विवाहहोने परपति के घर पहिले पहल आती है वह वधूप्रवेश कहा जाता है। विवाह से १६ दिन के भीतर सम दिनों में अथवा ५, ७, ९वें दिन, इनके उपरांत एक मास तक विषम दिनों में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरांत ३ रे, ५ वें वर्ष में भी स्थिर लग्न में वधूप्रवेश शुभ है। वर्ष के उपरांत जब चाहे तब शुभ मुहूर्त में हो सकता है। १६ दिन के भीतर पूर्वोक्त दिनों में तिथ्यादि पंचांगशुद्धि चन्द्रबल गुरुशुक्र के मूढत्व का भी विचार नहीं करना। व्यतिपाते क्षयतिथौ ग्रहणे वैधृतौ तथा। अमासंक्रांतितिथ्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत्। रे. अश्वि. रो. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा. ३ पुष्य अनु. इन नक्षत्रों में और चं. बु. बृ. शु. श. इन वारों में १।२।३।५।६।७।८।१०।११।१२।१३।१५ तिथियों में ५।८।११ लग्नों में चतुर्थाष्टम शुद्ध हो तो वधूप्रवेश शुभ है।

प्रवेशस्य समयमाह—वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः, सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः॥

विवाहतः प्रथमवर्षे वधूनिवासफलम्—विवाह के बाद आषाढ मास में कन्या पति के घर रहे तो अपनी सास को, क्षय मास में अपने शरीर को, ज्येष्ठ में ज्येष्ठ को, पौष में श्वसुर को, अधिक मास में पति को नाश करती है। विवाह के बाद चैत्र मास में पिता के घर रहे तो पिता को अशुभ है, सास आदि के अभाव में उस मास का कोई दोष नहीं।

द्विरागमन का मुहूर्त—क्योंकि से दूसरी बार पति के घर आने को द्विरागमन कहते [illegible]

[illegible] दशा भी बैठे हों, ३।६ में पापग्रह हों, ८।१२ वां स्थान पापरहित हों, अपनी [illegible] तो अत्यन्त शुभ है॥

[illegible] शुभ है, चन्द्र शुक्र लग्न में हों, [illegible] आश्ले. एतद्भिन्नेषु चं.

[illegible] रे. स्वा. पुन. श्र. ध. श. म. म. [illegible] ३. भ. म. म. ज्ये. आ. [illegible]

राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्, तीनों उत्तरा. [illegible] हों तो अशुभ है।

५ १॥ २ ३ २ १॥ १॥ १॥ विंशोपकी बलम्

घर रहे तो पिता को अशुभ है, ... बार पति के घर जाने को द्विरागमन करते

राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्, तीनों उत्तरा. रो. स्वा. पुन., श्र. ध. श. मू. मृ.
रे. चि. और अनुराधा नक्षत्रों में शुभ है। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ है।

विशेष:—द्विरागमे षोडशवासरान्तरे एकादशाहे समवासरेषु। नचात्र ऋक्षं न तिथिर्न योगो न वारशुद्धयादि विचारणीयम्॥

शुक्रस्य सन्मुखे दक्षिणे निषेध:—सम्मुख या दक्षिण शुक्र में यदि नूतन वधू जावे तो वन्ध्या हो, छोटे बालक को साथ लेकर जावे तो बालक की मृत्यु हो, गर्भिणी जावे तो गर्भ का सुख न पावे। यदि ऐसे समय राजविद्रोह राजपीड़न आदि उपद्रव तथा दुर्भिक्ष के दुःख से यात्रा करनी पड़े एवं विवाह सम्बन्धी यात्रा में या देवतीर्थ यात्रा के सम्बन्ध में जाना पड़े तो सम्मुख तथा दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता। यदि रेवती से मृगशिर तक के चन्द्रमा में भी जावे तो दोष नहीं क्योंकि तब तक शुक्र अन्धा होता है।

विशेष:—सिंहस्थे वा गुरौ शुक्रे संमुखेऽस्तगतेऽपि वा। शुभो दीपोत्सवे वध्वा: प्रवेश: पतिमन्दिरे॥ अत्यावश्यकेऽभिमुखे शुक्रदोषनाशाय शान्ति:—राजते वाथ सौवर्णे कांस्यपात्रेऽथवा पुन:। शुक्लपुष्पाम्बरयुते श्वेततण्डुलपूरिते॥ निधाय राजतं शुक्रं शुचिमुक्ताफलान्वितम्। महाश्वेतगवायुक्तं सामगाय निवेदयेत्।

प्रथमस्त्री-संगममुहूर्त:—रजोदर्शनानन्तर १६ रात्रि पर्यन्त ४ रात्रि के बाद समरात्रि में, (पञ्चदशवर्षोपरि रजोदर्शनाभावेऽपि) रो. मृ. पुष्य ह. चि. अनु. ध. उत्तरा. ३, रिक्ता अमावस रहित तिथि में, शुभवार, रात्रि के प्रथम प्रहर को छोड़कर शुभ समय में चित्त को प्रसन्न कर प्रथम दिन स्त्री-संगम करे। मनुष्य का स्त्री के प्रति कर्तव्य—स्त्री का अपमान या तिरस्कार न करे आदर सत्कार करे। विशेष गुप्त बात न कहे और विशेषाधिकार भी न दे, क्योंकि स्त्री जाति पुरुष की समान कोटि में नहीं आ सकती, अपवाद में एक दो हो सकती हैं। प्रभु कृत शरीर रचना भी कोई वस्तु है उसे समझना चाहिये। उनका दिल और दिमाग तथा ओज प्रकृति ने पुरुष से न्यून बनाया है। पशुओं में भी घोड़े हाथी सांड भैंस अपनी स्त्री जाति पर पूर्ण प्रभुत्व रखते हैं।

नववध्वा: पाककर्ममुहूर्त:—द्विरागमनोत्तरं मृ. उत्तरा. पुष्य. कृ. ज्ये. श्र. ध. श. रो. चि. रे. एषु नक्षत्रेषु शुभवासरे (रविसोमवर्जिते), रिक्तामाक्षयरहिततिथौ, २।५।८।११ लग्नेषु, चतुर्थाष्टमशुद्धे सप्तमभावे च बलान्विते सति पाककर्म शुभम्।

सधवास्त्रीणां वस्त्रसुवर्णरत्नभूषणादिधारणमुहूर्त:—ह. चि. स्वा. अनु. ध. रे. अश्वि. एषु भेषु बु. गु. शु. वारेषु रिक्तामावास्यारहिततिथिषु, नूतनवस्त्रसौवर्णरत्नरजतदन्तादि-भूषणानां धारणं प्रशस्तम्॥

षष्ठीचक्रम्—सूर्यनक्षत्राद् गणना ८ अशुभ। ३ शुभ। ४ शुभ। ७ अशुभ। २ अशुभ। १ शुभ। २ शुभ। १ अशुभ। गुरुशुक्रोदय में शुभ।

वस्त्रधारणे विशेष:—विप्रादेशात्तथोद्वाहे क्षमापालेन समर्पितम्। निन्द्येऽपि धिष्ण्य-वारादौ धारयेच्च नवाम्बरम्॥

भूषणघट्टनमुहूर्त:—ह. अ. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. उत्तरा ३ रो. एषु नक्षत्रेषु रिक्तामाक्षयरहिततिथौ, शुभवासरे द्विपुष्करत्रिपुष्करयोगे वा भूषणं कार्यम्।

दुकान खोलने का मुहूर्त:—ह. चि. रो. रे. उत्तरा ३. पुष्य. अनु. अश्वि. अभि. इन नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इन तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, मंगलवार को छोड़ अन्य वारों में, कुम्भ लग्न को छोड़कर अन्य लग्नों में, २।१०।११ स्थानों में शुभ ग्रह बैठे हों, ३।६ में पापग्रह हों, ८।१२ वां स्थान पापरहित हो, अपनी ... दशा भी चलती हो तो दुकान करना शुभ है, चन्द्र शुक्र लग्न में हों, तो अत्यन्त शुभ है॥

भर्तृगृहात्पितृगृहागमनमुहूर्त:—पूर्वा. ३. भ. मू. म. ज्ये. आ. आश्ले. एतद्भिन्नेषु चं. बृ. शु. वारेषु सत्तिथौ शुभलग्ने कुयोगादिराहित्ये प्रशस्त:॥

घोड़े पर चढ़ने का मुहूर्त—भ. आर्द्रा. आश्ले. म. पू. ३, ज्ये. मू. इन नक्षत्रों को छोड़कर शेष नक्षत्रों में रविवार को शुभ है।

हट्टचक्र—सूर्य नक्षत्र से दुकान खोलने के दिन नक्षत्र तक गिन कर चक्र से शुभा-शुभ फल जाने॥

नक्षत्र	२	२	४	४	३	४	४	४
स्थान	आसन	मुख	अग्नि	नैर्ऋत	सन्मुख	वायव्य	ईशान	मध्य
फल	सौख्य	विक्रयनाश	अर्थनाश	सुख	महाश्रेष्ठ	चोरभय	सर्वहानि	शुभप्रद

सेवा कर्म (नौकरी) मुहूर्त—अ. मृ. चि. ह. पुष्य. अनु. रे. एषु. भेषु रिक्तामार-हिततिथौ, र. बु. बृ. शु. वारेषु शुभग्रहे लग्नस्थे, १०।११ सूर्ये भौमे वा स्वामिसेवकयो: राशीशयोर्मिथ्यां सत्यां शुभ:।

व्यवहार (बही) पत्रारम्भमुहूर्त:—अश्वि. रो. मू. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. चि. अनु. श्र. रे. एषु. भेषु रिक्तामारहिततिथौ, सू. चं. बु. बृ. शु. वारेषु शुभे युते शुभे लग्ने चरे द्विस्वभावे च व्ययाष्टरहिते पापै: केन्द्रकोणगै: शुभै: सत्॥

द्रव्यप्रयोगमुहूर्त:—पुन. स्वा. मृ. रे. चि. अनु. वि. पुष्य. श्र. ध. श. अश्वि. एषु नक्षत्रेषु, १।४।७।१० लग्नेषु ९।५।८ शुद्धिरहिते द्रव्यप्रयोग: शुभ:। अत्रावसरे ९।५ शुभ-ग्रहाणां तु न कोऽपि दोष:।

ऋण लेने के लिये वर्जित काल—मंगलवार, संक्रांतिदिन, वृद्धियोग, हस्तनक्षत्रयुक्त रविवार को ऋण ले तो कभी मुक्त न हो। मंगलवार को ऋण चुकाना अच्छा है। बुधवार को धन न देना चाहिये। कृ. रो. आर्द्रा. श्ल. उ. ३. वि. ज्ये. मू. नक्षत्रों में भद्रा, व्यतिपात और अमावस में गया धन फिर मिलता नहीं या झगड़े आदि पर उतारू होना पड़ता है।

श्रीकाशीनाथमते क्रयविक्रयमुहूर्त:—पुष्य. पूभा. अनु. श्र. ह. म. स्वा. उत्तरा. ३. आश्ले. रे. एषु भेषु, सत्तिथौ शुभदिने उत्तमशकुनं विचार्य्यं क्रयविक्रयणं कार्यम्।

वस्तु खरीदने के नक्षत्र—रे. शत. अश्वि. स्वा. श्र. चि. वारों में बुध, रवि. श्रेष्ठ माना गया है।

वस्तु बेचने के नक्षत्र—पूफा. पूषा. पूभा. वि. कृ. श्ले. भ. ये. ७ नक्षत्र और गुरुवार, चन्द्रवार श्रेष्ठ माने गये हैं।

नोट—बेचने के नक्षत्रों में खरीदना और खरीदने के नक्षत्रों में बेचनेवालों को ९५ फी-सदी नुकसान रहेगा इसमें संशय नहीं। इसी कारण खरीदने बेचने के नक्षत्र दिखलाये गये हैं, परन्तु संप्रति प्रचलित सट्टे जैसे भयानक व्यापार में तो धैर्य का काम ही नहीं, सिवाय घबराहट के दिनभर में १० बार बेचना, २० बार खरीदना, ऐसे व्यापारी क्या करेंगे इन नक्षत्रों को। लेकिन हमारा कहना है कि विश्वास करके परीक्षा तो कीजिये बात कहां तक सच है। सट्टे में भी प्रथम बार व्यापार करनेवाले व्यापारी

अवश्य ध्यान करें तभी मालूम होगा कि ऋषियों के वाक्य कहां तक सत्य हैं।

नालिश (अर्जी) का मुहूर्तः—४।९।१४ तिथि हो, मं. श. हो, कृ. आर्द्रा. भ. अ. श्ले. म. ज्ये. मू. वि. पूर्वा. ३. नक्षत्र हो, भद्रा होवे तो अत्युत्तम है।

गृहादि निर्माण में आय विचार—

धामभात् वासकर्तुर्नक्षत्र यावद् गणना कार्या स्थाननक्षत्रफलम्		
मस्तके	७	धनलाभः
पृष्ठे	७	हानिः नैस्वम्
हृदये	७	सुखलाभः
पादे	७	पर्यटनम्

गृह स्वामी के हस्तादि लम्बाई चौड़ाई को परस्पर गुणा कर आठ का भाग देवें, जो शेष रहे वह क्रम से ध्वजादि आय होते हैं। १ ध्वज; २ धूम्र, ३ सिंह, ४ श्वान, ५ वृषभ, ६ गर्दभ ७ हस्ति, ८ (०)। इसमें एकादि विषम संख्या की आय शुभ और दो चार आदि सम संख्या को अशुभ जानना। गृह की भूमि को अन्दर से मापना चाहिये और देवस्थान की भूमि को बाहर से मापना चाहिए। ३२ हाथ लम्बे चौड़े घर में आयादि विचार की आवश्यकता नहीं है और न चार द्वार वाले घर में ही। ब्राह्मण को ध्वजाय, क्षत्रिय को सिंहाय, वैश्य को गजाय और शूद्र को वृषभाय विशेष शुभ होती है। अन्य आय नीच जाति के लिए शुभ हैं॥

घर का नक्षत्र और व्यय ज्ञान—

घर के क्षेत्रफल (हस्तादि लम्बाई चौड़ाई के गुणन) को आठ से गुणा कर २७ का भाग दे। जो अंक शेष रहे तदनुसार अश्विन्यादि गृह का नक्षत्र जाने। इस नक्षत्र को आठ से भाग देवे। शेषांक तुल्य व्यय जाने। आय से व्यय कम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ।

वास्तुभूमि का शुभाशुभ विचार

नई बस्ती में गृहादि बनवाना हो तो भूमिपूजनपूर्वक शाम को एक हाथ चौड़ा एक हाथ लम्बा एक हाथ गहरा गड्ढा बना कर उसको जल से भर देवें, प्रातःकाल उसको देखें यदि जल युक्त हो तो शुभ, निर्जल मध्यम, निर्जल फटा हुआ हो तो अशुभ है॥

मकान बनवाने के लिये पृथ्वी की शुभाशुभ परीक्षा:—

मकान की नींव को इतना गहरा खोदे कि जल दीखने लगे अथवा दूसरी मिट्टी जब तक न निकले अथवा ३॥ साढ़े तीन हाथ गहरी खोदे अर्थात् मनुष्य के बराबर खोदे। खोदते समय जो जमीन में पत्थर निकले तो धन आयु की वृद्धि हो और जो गुठली निकले तो धन नाश हो और जो हाड़, राख, बाल निकलें तो मकान बनाने वाले को व्याधि पीड़ा हो।

गृहारम्भमुहूर्तः—वैशा. श्रा. मार्ग. माघ. फाल्गुन और सौर महीने गृहारंभ में श्रेष्ठ कहे हैं, भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम है २।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ और कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों में, चं.बु.बृ.शु. श. वारों में रो. मृ. चि. ह. स्वा. अनु. उत्तरा ३. ध. श. रे. वेधरहित नक्षत्रों में, २।३।५।६।८।११।१२ लग्नों में पञ्चबाण और भूमिशयन से रहित दिनों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभग्रह और ३।६।११ वें स्थान में पापग्रह, तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त शुभ होता है। केवल [illegible] गृहारम्भ में [illegible] व [illegible] का विचार [illegible]।

गृहारम्भे वत्सचक्रम् सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ-नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें		
स्थानानि	न.	फलानि
शीर्षे	३	अग्निदाहः
अ. पादे	४	शून्यमसत्
पृ. पादे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्तिः
द. कुक्षौ	४	लाभःशुभम्
पुच्छे	३	स्वामिनाशः
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुखे	३	पीडा असत्

विशेषः—पुष्य. उ. ३. रो. म. आश्ले. पूषा. इनमें से जिस पर बृहस्पति हो इस नक्षत्र में और बृहस्पति को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्ति दायक होता है। रो. ह. अ. उफा. चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुध-वार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते हैं। वि. अ. चि. ध. श. आर्द्रा इनमें से जिस पर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धन-धान्यदायक होता है।

भूमिप्रसुप्तज्ञानम्—"संक्रान्ति मिति दिन पांचवे सप्तम नवमे जोय। दश इक्कीस चौबीस में षट् दिन पृथ्वी सोय। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५।११।७।६।२।१० एता घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्ज्जनीयाः। अन्यच्च—सूर्य के नक्षत्र से ५।७।९।१२।१९।२६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नींव, तडाग, वापी कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता।

गृहमध्ये कूपविचार :—

मध्य	ई.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	उ.	वा.
अर्थहानि	सुपुष्टि	सुप्राप्ति	पुत्रनाश	स्त्रीनाश	गृहेशनाश	संपत्	सुख	शत्रुभय

अथ चुल्लिचक्रविचारः।

सूर्य के नक्षत्र से ६ नक्षत्र पीठ के सुखप्रद। ४ मस्तक के मृत्युप्रद। ८ बाहु के सुन्दर-सुख भोगदायक। ५ गर्भ के नाशक। २ भुज के भोगदायक। २ चरण के नाशक। यह चुल्लिचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डितजन विचार करें। उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में चुल्हा बनावे तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावे।

नूतनगृहप्रवेशे मुहूर्त :—

माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठ-मासेषु शोभनाः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य-कार्तिक-मासयोः॥ (गार्ग) (यहां चन्द्रमास लेना) उत्तरा. ३ अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में रिक्तारहित तिथियों में, चं. बृ. श. इन वारों में २।५।८।११ लग्नों में अत्यावश्यके ३।६।९।१२ लग्नों में भी, लग्न से १।२।३।५।७।९।१० इन स्थानों में शुभ ग्रह हों ३।६।११ में क्रूर हों १।६।८।१२ वें चन्द्रमा न हो, ४था ८वां स्थान शुद्ध हो, जन्मलग्न या जन्मराशि से ८वीं राशि लग्न में न हो चन्द्र तारा शुभ हों और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो तो आगे गौ कन्या जलपूर्ण पुष्पमालायुक्त कलश शंखध्वनि मंगलगान के साथ दम्पति को गृहप्रवेश शुभ है।

गृहप्रवेश का विशेष मुहूर्तः—पुराने अर्थात् जीर्ण वा तृण कुटीर अथवा अग्नि-वर्षा इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वै. श्रा. का. और मार्गशीर्ष, फा. मास में [illegible]

रोहिणीभात वापीचक्रम

जलाशयारामदेवप्रतिष्ठामुहूर्तः

सूर्यराशिवशात् खातज्ञानम्

खाते राहोर्मुखात्पृष्ठदिग्भागः शुभदो भवेत्

राहुमुख	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्याम्	आग्नेय्यां
देवालयारम्भे सूर्य	मी. मेष वृष	मि. क. सिंह	कर्क तुला वृश्चिक	धन मकर कुम्भ
गृहारम्भे सूर्य	सिं. कं. तु.	वृश्चि. ध. मकर	कुम्भ मीन मेष	वृष मिथुन कन्या
जलाशयारम्भे सूर्य	म. कु. मी.	मे. वृष मिथुन	कर्क सिंह कन्या	तुला वृश्चिक धन
खातदिशा ज्ञानं	आग्नेय्यां	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्यां

द्वारशाखाचक्रम्

सूर्यनक्षत्रात्

स्थान	न.	फलानि
शिरसि	४	श्रीप्राप्तिः
कोणे	८	उद्वसनं
शाखा	८	सौख्यम्
देहल्यां	३	गृहेशनाश
मध्ये	४	सौख्यम्

चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम् ॥

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम्

सूर्यभात्

५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

कूप तालाब और बावड़ी खुदवाने का मुहूर्त—अनु. ह. तीनों उ. रो. ध. श. म. पूषा. रे. पुष्य. मृ. नक्षत्र हों, वा चन्द्रमा मकर के उत्तरार्ध, मीन या कर्क में हो, लग्न में बुध या गुरु हो, शुक्र १६ वें स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २।१०।४।११।१२ लग्न हों तो अत्युत्तम है।

सूर्यनक्षत्रात्कूपचक्रम्

ईशान ३ क्षारजल	पूर्व ३ खण्डितजल	आग्ने. ३ सुजल
उत्तर ३ उत्तमजल	मध्य ३ स्वादु तथा शीघ्रजल	दक्षि. ३ निर्जल
वायव्य ३ मिश्रितजल	पश्चिम ३ जल	नैर्ऋत्य ३ अमृतजल

गणनाक्रमः— मध्यपूर्व—आग्नेय-दक्षिणादिक्रमेण बोध्यम् ॥

सूर्यभात्तडागचक्रम्

ई. २ जलनाश	पूर्व २ शोक	आ. २ जलाधिक्य
उ. २ अमृत जल	मध्य ५ बहुजल	द. २ जलनाश
वा. २ जलनाश	प. २ बहुजल	नै. २ अमृतजल

शेष ६ नक्षत्राणि 'वारिवाह' संज्ञकानि सन्ति तत्फलम्—वारिवाहे वारिहानिः। गणनाक्रमः—पूर्व आग्नेय द० नै० प० वा० उ० ई० मध्य वारिवाहः।

रोहिणीभात् वापीचक्रम्

ईशाने अ. भ. कृ. मध्यजल	पूर्व. पुन. पु. श्ले. जलाभाव.	आग्नेय म. पूफा. उफा. मध्यजलम्
उत्तर पूभा. उभा. रे. मिष्टजलम्	मध्य रो. मृ. आर्द्रा. शीघ्रजलम्	दक्षिण ह. चि. स्वा. जलाभावः
वायव्य श्र. ध. श. क्षारजलम्	पश्चिम मू. पूषा. उषा अमृतजलम्	नैर्ऋत्य. वि. अनु. ज्ये. बहुजलम्

जलाशयारामदेवप्रतिष्ठामुहूर्तः

देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे। माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेप्यापञ्चमीदिने ॥ मातृभैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमाः। महिषासुरहन्त्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने ॥

अश्वि. रो. मृ. पुष्य. ह. चि. स्वा. अनु. श्र. ध. श. उत्तरा ३. रे. एषु भेषु कुजशनिवर्जितवारेषु २।३।५।७।८।१०। ११।१२।१३ एतत्तिथी शुक्ले १।२।३।५। तिथिषु कृष्णे, गुरुशुक्रयोः नीचनिर्बलास्तादिरहितकाले, कर्तुः सूर्यचन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर (२।५।८।११) लग्नेषु लग्नात् १।४।७।१०।९।५।२।११। स्थानेषु शुभैः, ६।११ सेन्दुभिः पापैः पूर्वाह्णे देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवताविशेषेण लग्नम्—सिंहे सूर्यो शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्यः स्त्रियां हरिः। कुम्भे वेधास्चरे क्षुद्राद्यंगदेव्यः स्थिरेऽखिलाः। यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिने यदि तस्य प्रतिष्ठामुहूर्तो भवेत्तदा अत्युत्तमः ॥

वास्तुशान्तिमुहूर्तः—श्र. ध. मृ. मू. अनु. रे. ह. चि. स्वा. उत्तरा ३. पुन. पु. रो. अश्वि. एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तिथौ बलिदानपुरस्सरं वास्त्वर्चनं कार्यम्।

अग्नि का वास किस लोक में है—जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़ कर एक और जोड़ना पुनः ४ का भाग देना, यदि पूरा भाग लग जाय (० शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है, शेष १ बचने पर आकाश में प्राणहानि कारक, शेष दो बचने पर पाताल में धनहानि करता है। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से, वार गणना रविवार से करनी। इसके बाद आहुतिचक्र जरूर देखिये।

ग्रहमुखे होमाहुतिज्ञानाय चक्रम्

(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

सू.	बु.	शु.	श.	चं.	मं.	गु.	रा.	के.	ग्रहाः
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

विशेषः—यात्राविवाहव्रतगोचरेषु चौलोपनीताद्यखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम् ॥ महारुद्रे व्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कस्य राहुणा। नित्यनैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत् ॥ दिग्दाहेप्यथवा घोरे ग्रहास्ते भूमिकम्पने। केतनामुदये शांतौ चक्रं यत्नेन चिन्तयेत् ॥ लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविधौ। देवखातभवने सुरालये अग्निचक्रमवलोकयेत्सुधीः ॥ दुर्गभंगगृहे वाऽपि विवादे शत्रुविग्रहे। शान्तिकर्मनृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्षते ॥

पापग्रहमुखहवने कृते शान्तिः—क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे। शान्ति विधाय

गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने। आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेत्तामधोमुखीम्॥ गोमूत्र-मधुगन्धाद्यैरर्चितां प्रतिमां ततः। कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते॥

अथ ऋणी-धनी विचार—स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत्॥

अर्थ—अपने वर्ग को दूना कर दूसरे का वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दुगुना करके अपना वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना।

हलप्रवहणमुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. रो. उत्तरा. ३. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मू. म. वि. एषु भेषु रिक्तामाषष्ठ्यष्टमीरहितसत्तिथौ शुभग्रहस्य वासरे, १।५।७।१०।११ लग्नेषु भूमिशयनभद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शुभम्।

हलचक्रम् सूर्यभुक्तनक्षत्र से दिननक्षत्रतक गिनें					बीजवपने राहुचक्रम् राहुनक्षत्रात् दिनभं यावत् गणना कार्या								
३	८	९	८	नक्षत्र	८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीजवपने मुहूर्तः—ह० अश्वि० पुष्य. उत्तरा. ३. चि. अनु. मृ. रे. स्वा. ध. म. मू. एषु भेषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभः॥

विशेषः—रवौ रौद्रा (आर्द्रा)—वृषपादस्थे यदि संजायते रजः।
तस्माद्दिनत्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत्॥

नवान्नभक्षणमुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है; नन्दा रिक्तातिथियों और पौष चैत्र को छोड़ कर सू. बु. गु. शुक्रवार शुभ है।

गौ आदि पशु लेने का मुहूर्तः—अश्वि. पुन. पु. ह. वि. ज्ये. धनि. शत. रे. नक्षत्र में गौ लेना बेचना। अन्य पशु पुन. पु. पूर्वा ३, ह. अनु. ज्ये. मू. धनि. रे. में लेना बेचना शुभ है। गाय लेनी हो तो उ. फा. से दिन नक्षत्र तक गिनें, ३ तक लाभदायक ५ तक हानि, ११ तक अर्थलाभ, १६ तक सुख, २२ तक महालाभ, २३ तक वृद्धि, २७ तक भय होता है। वृषभ, (बैल) लेना हो तो ६ नक्षत्र लाभदायक फिर दो दो के क्रम से गाय के समान फल जानो महिषी (भैंस) लेनी हो तो भी गौनक्षत्रगणना क्रम से शुभाशुभफल सूर्यनक्षत्र तक गिनें (नौमी चौदस चौथ चौपाया। मंगल हानि करें घर आया)

सूर्यनक्षत्रात्काष्ठादि (गृहारा आदि) संस्थापनचक्रम्							
६	२	४	६	४	४	४	नक्षत्र
उत्तमलाभ	सवदहन	सर्वभय	मित्रलाभ	रोगभय	क्षयकर्म	मृत्यु	संख्या

लताबृक्षाद्यारोपणमुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. उत्तरा ३, रो. ह. पुष्य अश्वि. श. मू. वि. नक्षत्रों में रिक्तारहित शुभ तिथियों में और चं. बु. बृ. शु. वार हों, शुक्ल पक्ष में ४।१।११।१२ लग्न में शुभ है॥ तृणकाष्ठादिसंग्रहे निषेधः—तृण काष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि कर्म कुम्भ मीन के चन्द्रमा में नहीं करना चाहिए।

औषध का मुहूर्तः—ह. अ. पुष्य. अभि. मृ. रे. चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल, जन्मनक्षत्र को छोड़ कर इन नक्षत्रों में, ४।९।१४ को छोड़ कर शुभतिथियों में, भौम शनि को छोड़ अन्य वारों में शुभ है।

अथ यात्रामुहूर्तः—

ह. म. श्र. अश्वि. पुष्य. पुन. ध. अनु. रे. एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा; रो. उत्तरा ३. पूर्वा ३. एषु भेषु मध्या; भ. कृ. आर्द्रा आश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. एतद्भेषु निन्द्या। तत्रात्यावश्यकेष्वपि

दिग्द्वारलग्नानि

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	दिशा
१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	शुभम्
२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	१।५।९	मध्यम्
४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	भयम्
१ १	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	महाभयं

यात्रायां भरण्यादिभानां क्रमात् ७।२१।१४।१४।११।४०।१४।१४।१४ एता घटिका गमन-कर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः, २।३।५।७।१०।११।१२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्सु दिग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा।

यात्रा में शुभाशुभ लग्न—जन्म लग्न और जन्म राशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांशक में यात्रा कदापि न करे। शुभ लग्न वह है जब १।४।५।७।९।१० स्थानों में शुभग्रह और ३।६।१०।११ वें पाप ग्रह हों। अशुभ लग्न वह है जब १।६। ८।१२ वें चन्द्रमा, १० वें शनि, ७ वें शुक्र, १२।६।८ वें लग्नेश हो। अन्यच्च—यात्रा-यामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा। दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने॥

जन्म लग्नेश दशमेश अस्त हों वा मारक दशा हो तो सुमुहूर्त में भी दूर की यात्रा न करे, प्रथम तीर्थ-यात्रा वा देवदर्शन गुरुशुक्रास्त में वर्जित है।

दिक्शूलज्ञानाय चक्रम्									नक्षत्रशूलचक्रम्			
पूर्व	आ.	दक्षि.	नैऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर	ईशा.	दिशा	पू.	द	प.	उ.
चं.श.	चं.बृ.	गुरु	सू.श.	सू.शु.	भौम	मं.	बु.श.	वारा	ज्ये.	पूभा.	रोहि.	उफा.

दिक्शूलपरिहारः—न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणाम्। दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः॥१॥ सूर्यवारे घृतं प्राश्यं चन्द्रवारे पयस्तथा। गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि। गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि।

कालज्ञानम्

योगिनीवासचक्रम्

हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ नहीं तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करे।

योगिनीवासचक्रम्

शनौ	पूर्वे
शुक्रे	आग्नेय्यां
गुरौ	दक्षिणे
बुधे	नैर्ऋत्ये
भौमे	पश्चिमे
चन्द्रे	वायव्ये
रवौ	उत्तरे
सम्मुखे नेष्ट	

पू.	अग्नि.	दक्षि.	नैर्ऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर.	ईशा.	दिशा
१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०	तिथि

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहिने अशुभ होती है, पीछे और बायें की शुभ, युद्ध यात्रा में बायें ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है। समयशूल उषाकाल में पूर्व को, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रि में उत्तर को और मध्याह्नकाल में दक्षिण को नहीं जाना चाहिए। गर्गगुरु अंगिरा मुहूर्त—गर्गजी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे गमन करे। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे, अंगिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाय। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषाकाल: सप्तपञ्चा (५७) रुणोदय:। अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रात: शेषं सूर्योदयो भवेत्॥

चन्द्रवासचक्रम्

पूर्वे	दक्षि.	पश्चि.	उत्तरे
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकस्मिन् राशौ आवश्यक-घट्यात्मकचन्द्रवासचक्रम्

पू.	द.	प.	उ.	पू.	द.	प.	उ.	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	२०	१४	घटी

घट्यात्मक चन्द्रवास जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिए।

कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे।

चन्द्रफलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसंपद:। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षय: ॥१॥ सर्वे दोषा लयं यांति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे॥ इति॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा-करण-भगणदोषं, वारसंक्रांति-दोषं, कुतिथिकुलिकदोषं यामयामार्द्धदोषम्। कुजशनिरवि-दोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमा: सम्मुखस्थ:॥

सर्वांकसिद्धि योग:—शुक्लादि तिथि तथा वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रख क्रमश: ७।८।३ का भाग दे। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त्य में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य जय लाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वांकादिमुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान की ओर दायां चलते समय दक्षिण व नैर्ऋत्य को मत जाओ, हानि होती है। जानेवाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे, क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है।

वर्णक्रमेण प्रस्थानविधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाय तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेऊ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधुघृत, वा रुपया शूद्र फल को अपने वस्त्र में बांध किसी के घर या नगर से बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान रक्खे। अथवा सब से मन की प्यारी वस्तु को रख देना चाहिए।

यात्राके पहले त्याज्य वस्तु—यात्रा के तीन दिन पहले दूध त्याग दे, पांच दिन पूर्व हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ न हो तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करे।

दिने चतुर्घटिकामुहूर्त्तम्							रात्रौ चतुर्घटिकामुहूर्त्तम्							
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह.	शुक्र	शनि	घटि	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३॥	शु.	च.	का.	उ.	अ	रो.	ल.
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	७॥	अ.	रो.	ला.	शु.	च.	का.	उ.
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	११।	च.	का.	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	१५	रो.	ला.	शु.	च.	का.	उ.	अ.
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	१८॥।	का.	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	च.
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	२२॥	ला.	शु.	च.	का.	उ.	अ.	रो.
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	२६।	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	ज.	का.
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३०	शु.	च.	का.	उ.	अ.	रो.	ला.

सूचना यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग के घटी पल ज्ञात होंगे।

यात्रायां शुभशकुनानि—मृग बायें ते दाहिने जो आवे तत्काल। अन धन लक्ष्मी बहु-मिले चलते प्रात:काल॥ विप्र २ अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, गो, दधि, सर्षप, कमल, निर्मल वस्त्र, वाद्य, वश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुतस्त्री, गौरी कन्या, धोबी, कार्यसिद्धिवाक्य, सजलपूर्णघट यात्रा पश्चाद्रिक्तघट यात्रा समय देखने में शुभ है। अशुभशकुनानि—वन्ध्या स्त्री, चर्म, अस्थि, इन्धन, संन्यासी, भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जारयुद्ध, कुटुम्बकलि, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन, छिक्का, दुष्टवाणी यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है।

रामदैवज्ञोक्तं आवश्यके यात्रामुहूर्तचक्रम्

पौ.	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये.	आ.	श्रा.	भा.	आ.	का.	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्रय	दारिद्रय	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दु:ख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	लाभ	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

तृतीया-त्रयोदशी, चतुर्थी-चतुर्दशी, पञ्चमी-पूर्णमासी का फल समान जानना, अमावस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठा कर चले इसी तरह सवारी पर चढ़े कार्य सिद्धि, यात्रा सफल होगी।

नौका यात्रामुहूर्त—चि. ह. पु. मृ. पूर्वा. ३. अनु. श्र. ध. एषु भेषु सत्तिथौ शुभेऽह्नि चन्द्र-तारानुकूल सति शुभः।

यात्रानिवृत्तौ प्रवेशमुहूर्तः—मृ. रे. अनु. रो. उ. ३ ह. अ. पुष्य. स्वा. श्र. ध. श. एषु भेषु चं. बु. बृ. शु. श. वारेषु, १।२।३।५।७।१०।११।१३। तिथिषु; ३।५।६।८।९।११। १२ एषु लग्नेषु; १।४।७।१०।५।९ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पापैः ४।८। शुद्धौ शुभः; वि. कृ. पू. ३ भ. म. मू. ज्ये. आर्द्रा. आश्ले. नक्षत्राणि; ४।९।१४।६।१२।८।३० तिथयः, सू. मं. वारौ; १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि। मंगल को मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है। विशेषः—प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम्। नवमे जातु नो कुर्याद्दिने वारे तिथावित्ति॥

अथ घातचन्द्रवारादीनां चक्रम्

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
मे.	क.	कुं.	सि.	म.	मि.	ध.	वृष	मि.	सि.	ध.	कुं.	घातचन्द्र
र.	श.	चं.	बु.	श.	श.	बृ.	श.	शु.	मं.	बृ.	शु.	घातवार
म.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	श्र.	श.	रे.	भ.	रो.	आ.	श्ले.	घातनक्षत्र
मे.	व.	ध.	मि.	वृश्चि.	वृश्चि.	मी.	ध.	कं.	वृश्चि.	मि.	मे.	चन्द्रघा.
का.	मा.	पौ.	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये.	आ.	श्रा.	भा.	आ.	घातमास
वि.	सु.	प.	धृ.	प्री.	सु.	ऽगं	बृ.	वै.	गं.	व्या.	वै.	घातयोग
१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	९	३	८	९	८	१०	
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	,,

युद्ध, विवाद, राजसेवा, वाहन, रोगादि कार्यों में घात चक्र देखना और तीर्थ यात्रा तथा विवाहादि शुभकार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं है। "घाततिथिर्घातवारघातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयत्प्राज्ञस्त्वन्यकर्मसु शोभनम्॥"

वाम दक्षिण·निर्देश—

अग्रे चक्रोक्त सर्व फल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना; पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा वही सरट (गिरगट) के चढ़ने का जाने।

अथाङ्गविभागे पल्ली—(छिपकली, कोढ़किरली) पतनफलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभ	भ्रूमध्ये	राज्यसंबंध	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधि	वामकर्णे	बहुलाभ	अधरोष्ठे	ऐश्वर्यलाभः
वामभुजे	राज्यभय	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यता
जानुद्वये	शुभागम	हस्तयोः	वस्त्रलाभ	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभ	वा. मणिबंधे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्टान्नभोजनं
ललाटे	बन्धु दर्शन	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाश
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनप्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरणम्
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभ
द. मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धनलाभः

पल्लीपतने प्रशस्तवारतिथ्यर्क्षाणि—यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती है। पु. अश्वि. रो. मृ. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। इतोऽन्यद्भेषु निद्यः॥

पल्लीपाते कर्त्तव्यकर्म—पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करे। जन्म नक्षत्र, मृत्युयोग, दग्धदिन, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्तलग्न में तथा अष्टमचन्द्रमा में पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शांति के लिये जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छायापात्र दान भी करना उत्तम है।

छिक्का फलम्—छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है मदिरा के योग अथवा—छींक सूंघनी छल कर लीन्हीं; पीन सरदी धांस फल होनी। छींकि पीठि की कुशल उचारे; बाईं कारज सबै सवारे॥१॥ सन्मुख छींक लड़ाई भाषै; छींक दाहिनी द्रव्य विनाशै॥२॥ ऊंची छींक कहे जयकारी; नीची छींक होय भयकारी॥ अपनी छींक महा दुखदाई; ऐसे छींक विचारो भाई॥३॥ कन्या विधवा मालन धोबिन रजस्वला वेश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

अथ शुभ छिक्का—आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहाः॥ एक नाक दो छींक; काम बने सब ठीक॥

तीर्थ में मुण्डन विचार—मुण्डनं चोपवासञ्च सर्वतीर्थेष्वयं विधिः। वर्जयित्वा कुरुक्षेत्रं विशालां (उज्जयिनी) गिरिजां गयाम्॥

अंगस्फुरणफलम्

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं विधिश्च

तैलाभ्यङ्गे वर्ज्यानि

अंगस्फुरणफलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रू मध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुभय
भ्रू युग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्र समीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	वस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्र पक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामिप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्ववृद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल लसन मस्सा हो वा खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पातफलचक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूमिकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्ध, महर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा को भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटे	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदमीकेपशुहों	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिन अन्धेरा	प्रजाक्षय	ग्रहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचंद्र मंदपड़े	देशक्षय	वनपशु गांव बसे	मनु.शून्य हों
श्वेतमंडल	भय हो	कृष्णमंडल	राज्य नाश	उल्लू बोले	गृह शून्य हो
पीतमंडल	रोग हो	धूम्रमंडल	बर्फ पत्थर पड़े	बांबीकबूतर-	गृहस्वा.नाश
नीलमंडल	वर्षा हो	बिनाऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमंडल	युद्ध हो	सूखीभूमिगीली	बहुतवर्षा	सू.चं.बिम्ब-	रोगभय
स्त्रीवध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्रबालकवध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिकदेख पड़े	राजनाश
देवध्वंश	राजनाश	सर्वग्रास	सबवस्तुमहंगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
ग्रहास्तोदय	भयंकर वर्षा	भौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	१३ दिनकापक्ष	प्रजानाश

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं विधिश्च

सू.	च.	म.	बु.	बृ.	शु.	श.	वाराः
तापम्	सुकांति	मृति	श्रीः	वित्तहानि	विपत्ति	सुख सुभोग	फलम्
पुष्पं	०	मृति	०	दूर्वा	गोमय	०	पातन

तैलाभ्यङ्गे वर्ज्यानि

तदात्राह—
रवौ भौमे व्यतिपाते संक्रांतौ
वैधृतावपि। षष्ठ्यष्टम्योश्च
विष्टयां च, तैलाभ्यंगो न पर्वसु॥

विशेषः—यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो, अथवा उत्सव के दिन वा वात-रोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित, औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल, सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

काकस्पर्शादौ फलम्—मस्तक पर काकस्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है, कमर, कन्धे पर भी अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है॥ काकमैथुन का देखना छः मास में मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट वा इच्छित कार्य नाश करता है। इसके दोष दूर करने के निमित्त उड़द के आटे की काक प्रतिमा मृण्मयपात्र में स्थापन कर उड़द, चावल, घी, मीठा का नैवेद्य देवे, ग्राम से दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (या करावे) घृतच्छाया-पात्र दान पञ्चगव्य से स्नान भी करे, इस विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते हैं॥

अथ काकवचनफलविचारः—काकस्य वचनं श्रुत्वा पादच्छायां तु कारयेत्। त्रयोदशपदं दत्वा षड्भिर्भागं समाहरेत्॥ लाभच्छेदस्तथा सौख्यं भोजनं च धनागमम्। निश्शेषमरणं व्याधिरेतत्काकस्य लक्षणम्॥

कपोतः (कबूतर)—सिर पर गिरे वा स्व पालतू कबूतर के बिना अन्य कबूतर वा उल्लू गृह में चला जावे तो मृत्यु व मान स्थान हानि होती है, तद्दोष—निवृत्यर्थ दुर्गापाठ, होम सप्तधान्य दानादि करने से शान्ति हो।

मुष्टिचक्र

गगनदेवी ०, १२ दे.दो., पितुदोष १, चंडिका १०, डाकिनी ४, क्षेत्रपाल, ७

अंक प्रश्न तथा फल वर्णन

प्रश्नकर्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख से कहलावें या लिखवावें। उसमें बारह का भाग देकर पीछे यदि १।९।७ बचे तो देर से कार्य सिद्ध होवे। यदि ८।४।१०।५ बचे तो कार्यनाश होवे। ११ बचे तो सिद्धि, २ बचने से वृद्धि, ३।६।१२ (०) बचने से शीघ्र सिद्धि होवे यह फल कहे।

अथ स्वप्न-विचारः

स्वप्न ७ प्रकार का होता है, प्रथम दृष्ट (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए का सुनना), तृतीय अनुभूत (जागृतावस्था में परीक्षा की हुई बातों को स्वप्न में देखना), चतुर्थ प्रार्थित (जागृतावस्था में इच्छाकी हुई बात को देखना), पञ्चम कल्पित

(दिन में कल्पना की हुई वस्तु को देखना), षष्ठ भाविक (न देखी न सुनी उससे विलक्षण), सप्तम दोषज (वात, पित्त, कफ के दोष से)॥ पूर्वोक्त सात प्रकारों में से "दृष्ट, श्रुत, अनुभूत, प्रार्थित, कल्पित" ये पांच प्रकार के स्वप्न प्रायः निष्फल होते हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल उत्तम मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी के उत्तम मध्यम देखने में आता है। इतना विशेष है कि बहुत बड़ा तथा बहुत छोटा स्वप्न निष्फल होता है। सुज्ञजन देखकर पुनः स्नानादिसे शुद्ध हो देव या गुरु आदि के शुभ स्थान में जाकर किसी पूर्ण दैवज्ञ के सामने फल, पुष्प, दक्षिणा रक्खे, फिर स्वस्थ चित्त से स्वप्न का वर्णन कर शुभाशुभ तथा सामान्य फल का विचार करावे।

शुभस्वप्नः—राजा, विप्र, देवता, गुरु, श्वेत वस्त्रवाली स्त्री इनका दर्शन तथा आशीर्वाद मिलना। महल, पर्वत, सिंह, अश्व इन पर चढ़ना व दर्शन करना, रक्त से स्नान, रथ शय्यादि का ज्वलन, स्व शिर का छेदन, अपना मरण, वेदध्वनि श्रवण, रक्त पीत, पुष्प दर्शन, दर्पण, प्राप्ति, दही चावल भोजन, जूआ, रण विवाद में अपनी जय, इन्द्र धनुष का देखना, मठा कपास इन दो वस्तुओं को छोड़कर अन्य सर्व श्वेत वस्तु स्वप्न में देखना धनैश्वर्य की प्राप्ति तथा कष्ट की निवृत्ति करता है। यदि कोई क्लर्क या मुन्शी यह स्वप्न देखें कि उसने दफ्तर के रजिस्टरों वा बहियों में गल्तियां की हैं तो उसे उसके मालिक से अच्छा काम करने की शबाश वा तरक्की मिलेगी।

यदि स्वप्न में फल पुष्प सहित वृक्ष पर अथवा श्वेत वृषभ पर चढ़कर जाग जाय अथवा दक्षिण हाथ में श्वेत सर्प काट खाय तो निश्चय शीघ्र विशेष धन मिले। स्वप्न में बिच्छू या सर्प के जल में पैर काटने से रक्त निकल आवे तो विपत्ति दूर होकर सुख हो। श्वेत वस्त्रवाली स्त्री का स्नान करना, हाथों में हथकड़ी, पैरों में जंजीर का बन्धन पड़ना, नर या नारी के हाथ से जूती व खड़ाऊँ, छत्र, तीक्ष्ण तलवार का मिलना, टट्टी में सर्प का दीखना, अपने पैर व भुजा के मांस को खाना, अगर कपूर पान का मिलना ऐसे स्वप्न दीखें तो लक्ष्मी की प्राप्ति व सुख मिले। मणि आदि पात्रों में भोजन करना, अपने शिर के मांस को खाना, राज्य लाभ करता है, गौ का ताजा दूध उसी वक्त पीना सूर्यमण्डल का दीखना अपना मरना दीखें तो रोगी पुरुष का रोग-नाश और नीरोग पुरुष को लाभ होता है। बगुला, मुर्गी, कुब्ज का दीखना चतुर स्त्री प्राप्ति का सूचक है। स्वप्न में रक्त व मद्य का पीना, विप्र को उत्तम विद्यालाभ क्षत्रियादि को धन प्राप्ति करता है। मांस, चरबी का खाना, विष्ठा अपने अंग में लगाना, श्वेत चन्दन, श्वेत वस्त्र पुष्पों से सुसज्जित अपनी देह व अन्य पुरुष की देह देखना लाभ करता है। हरी सब्जी व सुन्दर अन्न कोई घर पर दे जाय तो भी लाभ हो। नदी समुद्र में तैरना, तालाब में तैर कर पार जाना, सूर्योदय का देखना, कष्टनिवृत्ति करता है। ऊंचे मन्दिर पर चढ़कर आग लगी देखना या तारों का देखना भाग्योदय करता है। राजा गौ, ब्राह्मण को प्रसन्न देखना, पर्वत, वृक्ष, बगीचे, हरे सुन्दर फल संयुक्त देखना बिगड़े काम सिद्ध होंगे ऐसा जानना। घर में किसी की मृत्यु पर सब रो रहे हों, तो लक्ष्मी और सुख मिले। बेड़ी पर चढ़ कर पार होने से परदेश गमन हो। अगर कोई दूकानदार स्वप्न देखे कि ग्राहक उसके बिल चुकाये बिना भाग गया हो तो उसको समझ लेना चाहिये हमको रुपया कहीं से शीघ्र मिलेगा और नये ग्राहक भी बनेंगे।

जान खतरे में है तो यदि वह कुमारी है तो उसका किसी बड़े आदमी के साथ विवाह हो जावेगा, और यदि वह विवाहिता है तो उसके घर में सर्व प्रकार से सुख शांति रहेगी। शुभ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अशुभ स्वप्नः—लाल वस्त्र पहिरना, सूर्य चन्द्र का निस्तेज दीखना, तारों का टूटना, अपने घर में हंस हंस के किसी स्त्री को मंगल गाते देखना, नीम पलास के वृक्ष पर चढ़ना, रूई कपास, तेल लोहा मिलना, इनसे संकट व मृत्यु हो। शरीर में तेल मलना या किसी के द्वारा तेल से स्नान का होना मृत्यु व भारी कष्ट को सूचित करता है। शिर के सारे बालों का या मुख के दांतों का गिरना, द्रव्य या पुत्र का नाश करता है। मरे मनुष्य का अपने स्थान में भोजन करना व किसी वस्तु को मांगकर ले जाना द्रव्य हानि वा कष्ट करता है। तैलपक्व गुलगुले तथा तांबे के पैसे मिलना रोग-कष्टसूचक है। अपनी स्त्री की कमीज को मरी स्त्री ले जावे तो पुत्र कष्ट या मृत्यु हो। हाथ, नाक का काटना, कीच (पंक) में फंसना, ऊंट, गधे भैंस पर चढ़कर तेल मलकर दक्षिण दिशा को जाना और विवाह गीत मंगल सुनना, अपने घर को किसी के द्वारा गिराते हुए देखना, काले तथा रक्तवस्त्रवाली स्त्री का आलिंगन करना बन्दर, सर्प पर चढ़ना, श्राद्ध आदि पितृकार्यों का करना, भूत प्रेत चाण्डालों के साथ मिलना अथवा भूतादि द्वारा पकड़ा जाकर दक्षिण दिशा में जाना इत्यादि स्वप्न मृत्यु कारक होते हैं। नदी में डूबना अथवा नदी के प्रवाह में बह जाना, बिना ऋतु के वर्षा देखना, बाघ, रीछ, गीदड़, बिलाव, भैंस, सर्प, मक्खी का दर्शन, पर्वत शिखा का तथा बड़े, महल ध्वजा का गिरते देखना अशुभ कष्ट व चिन्ताकारक है। गौ, हस्ती, देव, विप्र, इनके बिना सब काले रंग की वस्तु देखना अशुभ व चिन्ताकारक होता है। अगर "विधवा" स्त्री यह स्वप्न देखे कि उससे शादी करने का किसी ने सवाल किया है तो उस पर कोई सख्त बीमारी आवे, या मृत्यु होवे। कुत्ता शरीर पर कूद कर दांत से मांस काटे तो शत्रु गुप्तभाव से अनिष्ट करेगा।

स्वप्न का फल कब मिलेगा ?

रात्रि के प्रथम प्रहर का १ वर्ष में, द्वितीय का ८ मास में, तृतीय का तीन मास में तथा रात्रि के चतुर्थ प्रहर का एक मास में, अरुणोदय का १० दिन में तथा सूर्योदय से कुछ पहिले का स्वप्न तत्काल ही फल देता है।

अशुभ स्वप्न के दोष की शान्ति

दुष्ट स्वप्न के दोष को दूर करने के निमित्त मृत्युञ्जय का जप, होम, यथाशक्ति स्वर्ण तथा गोदान, अश्वत्थपूजन, विष्णुसहस्रनाम, गजेन्द्रमोक्ष व चण्डीपाठ, ब्राह्मण-भोजनादि करवाना चाहिये। अशुभ स्वप्नों को देखकर फिर तत्काल सो जाना भी दुःस्वप्न के अनिष्ट फल को दूर करता है।

आयुर्निर्णय—१—लग्नेश अष्टमेश से तथा जन्मलग्न और चन्द्र पर से आयुष्य का निर्णय करे। दोनों से एकवाक्यता न मिले तो जन्म लग्न होरा लग्न से आई आयु ठीक समझे चरे चरे, स्थिरे-द्विस्वभावे-दीर्घायुः। द्विःस्वभाव-द्विस्वभावे, चरे-स्थिरे मध्यायुः। स्थिरे स्थिरे। चरे-द्विःस्वभावे-अल्पायुः।

२—११,१,४,७,१०,५,९ इन स्थानों में लग्नेश, अष्टमेश और दशमेश के पड़ने से दीर्घायु होती है ३।८ में पापग्रह हों; पणफर में भी यदि पापग्रह हों तो मध्यायु [illegible] अतिरिक्त [illegible]

प्रश्न—जन्मवर्षादौ कार्यसिद्धिज्ञानम्

लग्नपः कार्यपश्चापि लग्नगौकार्यगौ यतौ। मिथस्थौ स्वस्वगौ दृष्टौ स्वोच्चादौ चेत्सिद्धिदौ॥१॥ एष [illegible]

[illegible] में है। ३ बचे तो ग्राम के निकट आ गया है। ४ बचे तो [illegible] आ गया है। ५ बचे तो रोगी है। [illegible] ७ बचे तो अग्नि का यत्न करता है।

हो जायगा। यदि चन्द्रमा के साथ पापी ग्रह [illegible] या पापी ग्रहों की दृष्टि हो तो विवाह नहीं होगा। यदि लग्न से ३।५।६।७।११ स्थान में चन्द्रमा को सूर्य, बुध, बृहस्पति इन में से कोई देखे अथवा व्ययेश लग्न में और लग्नेश व्यय में

प्रश्न—जन्मवषादौ कार्यसिद्धिज्ञानम्

लग्नपः कार्यपश्चापि लग्नगौकार्यगौ युतौ। मिथस्थौ स्वस्वगौ दृष्टौ स्वोच्चादौ चेत्सुसिद्धिदौ ॥१॥ एषु योगेषु चन्द्रदृष्टौ सत्यां कार्यसिद्धिरवश्यमन्यथा सन्देहः।

कार्य सिद्ध होगा या नहीं ?

शुभवार में बाम स्वर चलते समय प्रश्न हो तो कार्य सिद्ध होता है। शुक्ल पक्ष में विशेष सिद्धि जाने। अशुभ वार में दक्षिण स्वर चलते समय प्रश्न हो तो कार्य सिद्ध होता है। यदि कृष्ण पक्ष भी हो तो विशेष सिद्धि होती है। विपरीत हो तो कार्य सिद्धि नहीं कहना।

क्रय विक्रय प्रश्न—प्रश्नलग्न का स्वामी क्रेता (खरीदने वाला), ग्यारहवें घर का स्वामी विक्रेता (बेचने वाला) और लग्न क्रयाणक (खरीदने योग्य वस्तु) है, ऐसा जानो। यदि लग्न बली हो अर्थात् उसको स्वामी या शुभ ग्रह देखें या शुभ ग्रह उसमें पड़े हों अथवा केन्द्र में शुभ ग्रहों का योग हो तो वस्तु के खरीदने वाले को लाभ रहेगा। यदि ग्यारहवां भाव पूर्ववत् बली हो तो बेचने वाले को लाभ जानो। कितना लाभ होगा? इसके जानने के लिये लाभेश का बल विचारें; यदि वह अपने घर में रहते तो दुगुना, शत्रु के घर में हो तो सवाया, सम घर का हो तो ड्योढ़ा और मित्र का हो तो चतुर्थांश लाभ होगा; इसी प्रकार खरीदने वाले को भी जानना चाहिये। प्रश्न का उत्तर देने में योगों पर विशेष ध्यान देना चाहिये ॥

क्या यह बात सत्य है?—प्रश्न काल के तात्कालिक नक्षत्र और योग के अंकों को जोड़कर वर्तमानतिथि से गुणा दो, फिर उसे ४ से भाग देना शेष १।३ बचे तो बात सच्ची, शेष २ बचे तो झूठी जानो ॥

स्त्री पुरुष में प्रथम किसकी मृत्यु होगी ?

स्त्री पुरुष के नामकी मात्रा को ४ से गुणा कर, जो अक्षर होवे उनको दुगुना कर जोड़ देवे फिर ३ का भाग देवे यदि २ शेष रहे तो प्रथम स्त्री की मृत्यु और १ या ० बाकी रहे तो प्रथम पुरुष की मृत्यु जानना। किन्तु मात्रा जोड़ने में भूल न करें ॥

प्रवासी प्रश्न—प्रश्नकर्ता के उच्चारण किये हुए अक्षरों को (वा फल का नाम लेवे तो फलाक्षरों को) ६ से गुणा करके उसमें १ जोड़ दे फिर सात का भाग देने से एक से आदि लेकर जो अङ्क बचे उसे फल कहे। १ शेष रहे तो मार्ग में है। ३ बचे तो ग्राम के निकट आ गया है। ४ बचे तो घर में लाभ सहित आ गया है। ५ बचे तो रोगी है। ६ बचे तो पीड़ित है। ७ बचे तो आने का यत्न करता है। धनेश वक्री न हो तो प्रवासी कल्याणपूर्वक है।

देशान्तर से पत्र आवेगा कि नहीं?—प्रश्न लग्न चर राशि का हो और उससे द्वितीय तृतीय स्थान में शुभग्रह युक्त अथवा दृष्टि हो तो जल्दी आवेगा मार्ग में है। स्थिर लग्न में विलम्ब से पत्र मिले। द्विस्वभाव लग्न में प्रश्न हो तो पत्र नहीं मिले। प्रश्न लग्न में बुध चंद्र हों और शुभ ग्रह देखता हो तो पत्र आवेगा, विपरीत हो तो उत्तर नहीं मिलेगा ॥

अमुक मनुष्य से रुपया मिलेगा कि नहीं?

साहूकार (जिस से नया लेन देन करना है) के नाम के अक्षरों को तीन गुणा करके उसमें अपने नाम के अक्षरों को जोड़ दें, फिर उसी संख्या में तीन का भाग देवें, शेष १ रहे तो रुपया मिले। २ शेष रहे तो न मिले। तीन (०) शेष रहे तो मुद्दत बाद फिरने से मिले ॥

इस वस्तु से लाभ होगा कि नहीं ?

इस की केवल गत घटिकाओं को तीन से गुणा करके उसमें उस वस्तु के अक्षर युक्त कर पांच और जोड़ना फिर चार का भाग देकर शेष विषम रहे तो लाभ हो, सम शेष रहे तो लाभ नहीं होवे ॥

पुत्र लाभ होगा कि नहीं? तात्कालिक तिथि की संख्या को ४ गुणा करके दो से भाग देना जो लब्धि आवे उसको तीन गुणा करके ४ से भाग देना, जो शेष बचे उससे फल कहें। १ शेष बचे तो विलम्ब से सन्तान पुत्र लाभ होगा चिरंजीविता के लिये पार्थिव-शिवपूजन करना चाहिए। २ शेष रहे तो पूर्व जन्म के पाप के कारण सन्तान सुख न होगा, गया यात्रा तथा हरिवंशपुराण का नवाह सुनने तथा सन्तान गोपाल के सवा लक्ष जप से सम्भव है कि ईश्वर कृपा करें। ३ शेष बचे तो शीघ्र लाभ होगा, किसी गरीब की कन्या को विवाह दें या उसके विवाह में गुप्तदान से मदद करें। ऐसा करने से होने वाले पुत्र का पूर्ण सुख होगा। ४ (०) शेष बचे तो सन्तान सुख शीघ्र होगा ॥

विवाह होगा कि नहीं?—यदि लग्न से २।३।६।७।१०।११ इन स्थानों में चन्द्रमा को बृहस्पति देखे तो विवाह होवेगा। यदि चन्द्रमा के साथ पापी ग्रह हो या पापी ग्रहों की दृष्टि हो तो विवाह नहीं होगा। यदि लग्न से ३।५।६।७।११ स्थान में चन्द्रमा को सूर्य, बुध, बृहस्पति इन में से कोई देखे अथवा व्ययेश लग्न में और लग्नेश व्यय में हो यद्वा लग्नेश सप्तम में और सप्तमेश लग्न में हो अथवा २।४।७। इन राशियों में से किसी एक राशि में चन्द्रमा वा शुक्र हो तो अवश्य विवाह हो जावेगा।

अथ रोगोत्पत्तौ सन्तानप्रतिबन्धादौ च देवदोषज्ञानम्

तृतीय नवम द्वादश षष्ठ स्थान में प्रश्नलग्न से कोई पाप ग्रह हो तो विष जल शस्त्र से मरे हुए किसी स्वकुलोत्पन्न व्यक्ति का दोष जानना। यह योग पापग्रहों के साथ शुभ का संयोग होने पर नहीं होता। यदि बारहवें स्थान में राहु हो तो प्रेत दोष, बृहस्पति के होने से पितर दोष, चन्द्रमा के होने से जलदेवी का दोष, सूर्य के होने से देवी दोष, अथवा लग्न अष्टम द्वादश में सूर्य हो तो क्षेत्रफल का दोष कहे, शनि के होने से अपने गोत्र की देवी (सती) का दोष और बुध व्यय तथा अष्टम स्थान में हो तो भूतदोष जानना। व्यय तथा अष्टम में भौम हो तो शाकिनी दोष, शुक्र के होने से जल देवी का दोष होता है। परंच जो मनुष्य स्वधर्मनिष्ठ नहीं है अथवा जो ईश्वर से विमुख रहते हैं, पूर्वोक्त दोष उन्हीं को होते हैं। दोषसूचक ग्रह अपनी राशि तथा उच्च में हो बलवान् हो तो उक्त दोष साध्य, यदि चन्द्र नीच तथा निर्बल हो और दोषसूचक ग्रह भी नीच शत्रुक्षेत्र में हो तो उक्त दोष असाध्य होता है। बलवान् पापग्रह केन्द्र में हो तो पूर्वोक्त देवता असाध्य होते हैं, यदि शुभ ग्रह केन्द्रस्थान में हो तो पूर्वोक्त देवगण साध्य अर्थात् मन्त्र स्तुति पूजन आदि से उसका दोष दूर हो जाता है।

मतान्तरेण दोषज्ञानम्—तिथि वार नक्षत्र लग्न प्रहर इनको जोड़े और ८ का भाग देवे शेष ३।७ बचें तो देवता की, २।८ बचें तो पितृबाधा और ६।४ बचें तो भूत प्रेत की बाधा जानना, १।५ बचें तो ग्रहपीड़ा जानना। उदयाद् घटिका त्रिघ्ना तिथिवारेण संयुता। भवते द्वादशभिः शेषे जीवनं मरणं वदेत् ॥१॥ राम (३) बाण (५) रसा (६) ष्टौ (८) च नन्द (९) रुद्रा (११) च जीवति, क (१) पक्ष (२) युगा (४) सप्त (७) दशा (१०) र्कः (१२) नात्र जीवति ॥२॥

❁ अथ सर्वसाधारणोपयोगी प्रश्नः ❁

मित्र मिलाप प्र. १			मुकदमा प्र. २			यात्रा प्र. ३		
७	२	१	४	२	१	५	४	३
३	६	५	३	९	८	१	६	९
४	९	८	६	७	५	२	८	७
पशु लेने का प्र. ४			**लाभालाभ का प्र. ५**			**नौकरी का प्र. ६**		
२	१	३	७	४	५	१	५	८
४	५	६	६	८	९	७	३	६
७	९	८	२	३	१	९	४	२
विद्या परीक्षा प्र. ७			**परदेशी प्र. ८**			**शत्रुनाश प्र. ९**		
७	८	५	९	७	४	६	८	९
४	३	२	३	२	८	२	१	३
९	१	६	१	६	५	४	५	७

प्रश्नकर्त्ता फूल कुम्भ दक्षिणा आदि से पंचांग की पूजा करके जिस विषय का प्रश्न करना चाहे उसी विषय के चक्र के कमरों में से किसी एक घर पर ईश्वरस्मरण करता हुआ अंगुली रक्खे, फिर उसी विषय के फलचक्र में उसी संख्या के सामने फल देख लेवे, यथार्थ फल मिलेगा। स्मरण रहे कि प्रश्न एक दिन में एक ही बार करना चाहिये, बार बार किस्मती देखने वाले पर फल न मिलेगा।

मित्र मिलाप फल (१)
१ मित्र शीघ्र ही मिलेगा।
